RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 155 • 26:09:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

# कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी कोई और नहीं : पीएम मोदी

### कांग्रेसी मुख्यमंत्री आपस में लड़ते रहते

**एजेंसी। गोहाना**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोहाना में जनसभा के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी देश में और कोई नहीं है...। गोहाना में रैली को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा भाजपा का संकल्प पक्की गारंटी होता है। भाजपा जो कहती है, उस काम को करके दिखाती है। हरियाणा में भी हर वायदे तेजी से जमीन पर उतरने में पूरी भाजपा जीन जान से जुटी जाएगी। बस आपको पांच अक्टूबर को हमारे इन सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना है। लगातार तीसरी बार हरियाणा में कमल खिलाना है। कांग्रेस ने 60 साल देश पर राज किया, लेकिन कांग्रेस ने कभी देश की बेटियों की चिंता नहीं हुई। जब मैं आया तब मैंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया, जिससे हरियाणा को फायदा हुआ। पहले 1000 बेटों पर 866 बेटियां थी, लेकिन अब 1000 पर 914 बेटियां हैं। हरियाणा भाजपा नारी शक्ति को और सशक्त करने के लिए और अच्छा



काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस शासित हर राज्य में उनके मुख्यमंत्री झगड़ों में उलझे हुए हैं, कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों को जनता की तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है। कर्नाटक के सीएम और डिप्टी सीएम आपस में लड़ रहे हैं। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश का भी यहीं हाल हैं। इसलिए हरियाणा को भी बहुत सावधान रहना चाहिए। गलती से भी कांग्रेस आ गई तब अपने झगड़ों में हरियाणा को बर्बाद कर देगी। यहां पर कांग्रेस में जिस तरह झगड़े बढ़ रहे हैं, पूरा हरियाणा देख रहा है। कांग्रेस को वोट देना यानी हरियाणा के विकास को दांव पर लगाना है। पीएम मोदी ने कहा कि आरक्षण का विरोध कांग्रेस के डीएनए में हैं। इसलिए हम देखते हैं कि कांग्रेस के शाही परिवार की चौथी पीढ़ी भी आरक्षण का विरोध कर रही है। इसलिए आपको सावधान रहना होगा। भाजपा ने वंचित और पिछड़े समाज को हरियाणा में यहां आगे बढ़ाया है। हमारे ओबीसी वर्ग से आने वाले नायब सैनी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया। सैनी एक किसान-मजदूर का बेटा है। इनके दरवाजे लोगों के लिए चौबीस घंटों के लिए खुले रहते हैं। कांग्रेस सरकार अस्थिरता के लिए भी जानी जाती है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, शोषितों के साथ भी धोखा किया है। आजकल कांग्रेस के भीतर सिर-फुटौव्वल हो रही है, ये कांग्रेस के पुराने पापों का ही परिणाम है। 2014 में जब हुड्डा यहां सीएम हुआ करते थे, तब ऐसा कोई साल नहीं था जब दलितों के साथ अन्याय नहीं हुआ। अनेक दलितों के साथ अन्याय हुआ। हर कोई जानता था कि दलितों के खिलाफ कांग्रेस खाद-पानी देती है। आज हरियाणा का दलित समाज फिर हरियाणा के अंदर कांग्रेस का जो ड्रामा चल रहा है, उस ड्रामे को अच्छी तरह देख रहा है। कांग्रेस ने हमेशा ही गरीब और पिछड़ों को विकास से बाहर रखा है। जब-जब कांग्रेस सरकार से दूर रही है तब-तब गरीबों को उनका हक मिला है, जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है गरीबों और दलितों का हक छीना गया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इनके साथियों को जम्मू कश्मीर में शांति पसंद नहीं हैं। कांग्रेस फिर से धारा 370 वापस लाना चाहती है।

### पीएम आज को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार प्रधानमंत्री 26 सितंबर को शाम करीब 6 बजे जिला न्यायालय मेट्रो स्टेशन पर जिला न्यायालय से स्वर्गेट, पुणे तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद शाम करीब 6:30 बजे प्रधानमंत्री 22,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जिला न्यायालय से स्वर्गेट तक पुणे मेट्रो खंड का उद्घाटन पुणे मेट्रो रेल परियोजना (चरण-1) के पूरा होने का प्रतीक होगा। जिला न्यायालय से स्वर्गेट तक भूमिगत खंड की लागत लगभग 1,810 करोड़ रुपये है। इसके अलावा प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वर्गेट-कात्रज एक्सटेंशन की आधारशिला भी रखेंगे, जिसे करीब 2,950 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। करीब 5.46 किलोमीटर लंबा यह दक्षिणी विस्तार पूरी तरह से भूमिगत है, जिसमें मार्केट यार्ड, पद्मावती और कात्रज जैसे तीन स्टेशन हैं। प्रधानमंत्री भिडेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के प्रथम बालिका विद्यालय के स्मारक की आधारशिला रखेंगे।

# कंगना रनौत का किसान कानूनों को दिए बयान पर मचा बवाल

### कांग्रेस ने कहा-कौन बढ़ावा दे रहा है? बीजेपी बोली-यह उनकी अपनी राय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की लोकसभा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। कंगना ने भारत के किसानों से जुड़ा बयान दिया है। कंगना का बयान सामने आने के बाद सियासी गरमा गई है। बीजेपी ने कंगना के बयान से किनारा काट लिया है और कहा है कि यह पार्टी का बयान नहीं है। वहीं, अब अलग-अलग पार्टी नेताओं की तरफ से बयानबाजी शुरू हो गई है। एलजेपी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कंगना के बयान पर कहा कि ये कंगना का पर्सनल बयान हो सकता है, ये उनकी सोच हो सकती है। पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली कांग्रेस चीफ देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि सोचने का सवाल है कि कंगना को कौन बढ़ावा दे रहा है? क्यों पार्टी उनको रोक नहीं रही है? इस महिला ने पहले किसानों को आतंकवादी कहा था। ये किसानों के लिए शर्मनाक बयान देती हैं, इसमें बीजेपी की मौन सहमति है। जनता दल यूनाइटेड के सीनियर लीडर केसी त्यागी



ने कहा कि कंगना का बयान किसानों का अपमान है, बीजेपी को कार्रवाई करनी चाहिए। ये तो पीएम मोदी के फैसले का अपमान है। हम भी इन कृषि कानूनों के खिलाफ थे, हम कंगना के बयान का विरोध करते हैं। बयानबाजी पर तरह-तरह के सवाल उठने के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसान कानूनों पर मेरे विचार निजी हैं और वे उन विधेयकों पर पार्टी के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। कंगना ने यह बात बीजेपी लीडर गौरव भाटिया के बयान को सोशल मीडिया पर रीपोस्ट करते हुए दिया। बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कंगना रनौत द्वारा कृषि कानूनों पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार द्वारा वापस लिए गए कृषि बिलों पर बीजेपी सांसद कंगना रनौत का बयान वायरल हो रहा है। मैं यह साफ करना चाहता हूं कि यह बयान उनका निजी है। कंगना बीजेपी की तरफ से ऐसा बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और यह कृषि बिलों पर बीजेपी के नजरिए को नहीं दर्शाता है। हम इस बयान को अस्वीकार करते हैं। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर कंगना के बयान वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि किसानों पर लादे गए तीन काले कानून वापस लाने चाहिए। बीजेपी की सांसद कंगना ने ये बात कही। देश के 750 से ज्यादा किसान शहीद हुए, तब जाकर मोदी सरकार की नींद टूटी और ये काले कानून वापस हुए। कांग्रेस ने कहा कि अब बीजेपी सांसद फिर से इन कानून की वापसी का प्लान बना रहे हैं। कांग्रेस किसानों के साथ है। इन काले कानून की वापसी अब कभी नहीं होगी, चाहे नरेंद्र मोदी और उनके सांसद जितना भी जोर लगा लें। हिमाचल प्रदेश में अपने निर्वाचन क्षेत्र मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि मुझे पता है कि यह बयान विवादास्पद हो सकता है लेकिन तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल के बयान पर बीजेपी सांसद ने की पासपोर्ट रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयान पर विवाद थमने का



नाम नहीं ले रहा है। अब राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से बीजेपी सांसद सीपी जोशी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर राहुल गांधी का पासपोर्ट रद्द करने की मांग की है। पत्र में सीपी जोशी ने लिखा है कि राहुल गांधी के भाषणों से देश के आम नागरिक को तकलीफ पहुंची है। देश के बाहर जाकर देश का अपमान करने का अधिकार राहुल गांधी को किसने दिया। उन्होंनें कहा कि या तो राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दें या फिर सरकार उनका पासपोर्ट जब्त करें। बीजेपी सांसद के पत्र पर कांग्रेस ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा है कि बीजेपी के नेता मजाक करते हैं। बीजेपी सांसद स्पीकर को लिखते हैं कि राहुल गांधी का पासपोर्ट रद्द कर दें। लोकसभा स्पीकर पासपोर्ट अधिकारी तो है नहीं। बीजेपी सांसदों को पता ही नहीं है कि पासपोर्ट कौन रद्द करता है। सांसद बनना अलग बात और चीजों की जानकारी रखना अलग बात है। जोशी को मालूम होना चाहिए कि ओम बिरला पासपोर्ट नहीं देते हैं। हाल ही में अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने वर्जीनिया में एक भाषण दिया था, जहां उन्होंने भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोगों से मुलाकात की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा था कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है।

### 2024-25 में भारत की ग्रोथ रेट सात फीसदी रखी, इकानॉमी में आएगा उछाल




**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए भारत की ग्रोथ रेट का अनुमान सात फीसदी पर स्थिर रखा है। एडीबी ने कहा कि बेहतर एग्रीकल्चर प्रोडक्शन और गवर्नमेंट के बढ़ते खर्च से आने वाले महीनों में इकनॉमिक एक्टिविटी में उछाल देखने को मिलेगा। सितंबर में जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) रिपोर्ट में एडीबी ने कहा कि इस फाइनेंशियल ईयर में एक्सपोर्ट पहले के अनुमान से ज्यादा रहेगा, जिसमें सर्विस एक्सपोर्ट्स का बड़ा योगदान रहेगा। हालांकि, अगले फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में गुड्स एक्सपोर्ट ग्रोथ थोड़ी स्लो रह सकती है। एडीबी का अनुमान है कि फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ सात फीसदी रहेगी, जबकि 2025-26 में यह 7.2 फीसदी तक बढ़ सकती है। यह आंकड़े एडीबी के अप्रैल 2024 के पूर्वानुमानों के मुताबिक हैं। इस दौरान, भारत की इकनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स मजबूत बने रहेंगे। एडीबी रिपोर्ट के मुताबिक, इस फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में सर्विस एक्सपोर्ट्स में वृद्धि देखने को मिलेगी, जबकि गुड्स एक्सपोर्ट थोड़ा धीमा रह सकता है।

# फोगाट का बड़ा बयानः निशान हाथ है, काम करेगा थप्पड़ का

**जींद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। राज्य की सभी 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को एक साथ वोट डाले जाएंगे। इस चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। बता दें, हरियाणा विधानसभा चुनाव 5 अक्टूबर को होगा, जबकि मतगणना 8 अक्टूबर को होनी है। पहलवानी से राजनीति में आने वाली भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने बीजेपी पर इशारों-इशारों में वार करते हुए कहा, निशान हाथ है, ये हाथ का निशान थप्पड़ का काम करेगा। विनेश ने कहा,



"थप्पड़ की आवाज दिल्ली तक जाएगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि विनेश का यह बयान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर था, जिन्होंने महिला पहलवानों के साथ छेड़छाड़ के मामले में कहा था कि अगर विनेश के साथ छेड़छाड़ हुई थी, तो उन्हें उसी वक्त थप्पड़ मारना चाहिए था। इस पर विनेश ने जवाब देते हुए कहा था कि उस समय इतनी हिम्मत नहीं थी। मैदान में विनेशः विनेश फोगाट हरियाणा के जींद जिले की जुलाना सीट से चुनाव लड़ रही हैं। कुश्ती की रिंग में सभी को पछाड़ने वाली विनेश पर सभी की नजरें होंगी।

# सीजेआई ने जज की माफी की स्वीकार और दी सख्त हिदायत, कमेंट करते वक्त लापरवाही ना दिखाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### भारत के हिस्से को पाकिस्तान कहने का मामला

- कर्नाटक हाईकोर्ट के जज ने मुस्लिम इलाके को पाकिस्तान कहा था
- किसी भी समुदाय के प्रति टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज द्वारा बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहे जाने पर कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी भी देश के हिस्से को पाकिस्तान कहना न केवल गलत है, बल्कि यह देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है। सीजेआई ने जजों को हिदायत दी कि किसी भी समुदाय के प्रति टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा, आप देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते



हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा द्वारा दिए गए इस बयान का वीडियो वायरल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सुनवाई शुरू की। जस्टिस श्रीशनंदा ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी समुदाय को ठेस पहुंचाना नहीं था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उनकी माफी को स्वीकार करते हुए मामला बंद कर दिया।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने जजों और वकीलों को सलाह दी कि इलेक्ट्रॉनिक युग में सार्वजनिक मंचों पर उचित और जिम्मेदार टिप्पणियां करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को अपनी टिप्पणियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। विशेषकर ऐसे समय में जब कोर्ट की कार्यवाही लाइव स्ट्रीम होती है और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होती है। इस घटना के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने बिना अनुमति के अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी थी।

इस पर सीजेआई ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया को अधिकतम पारदर्शी बनाने के लिए इसे प्रकाश में लाने की जरूरत है, न कि दबाने की। उन्होंने कहा कि लाइव स्ट्रीमिंग न्याय की पारदर्शिता को बनाए रखने का एक अहम जरिया है, और इसे बंद करने का विकल्प सही नहीं है।

### केजरीवाल ने संघ प्रमुख से पूछे सवाल, क्या संघ ने इसतरह बीजेपी की कल्पना की थी?

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा। केजरीवाल ने अपने पत्र में भाजपा की कार्यशैली और देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। केजरीवाल ने अपने पत्र में कहा, भाजपा इस देश को जिस दिशा में लेकर जा रही है, वहां भारतीय लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तब देश का लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। केजरीवाल ने संघ प्रमुख से पहला सवाल पूछा, भाजपा के नेतृत्व में तरह-तरह के लालच देकर, ईडी और सीबीआई की धमकी देकर, दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ा जा रहा है। क्या इस तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक चुनी हुई सरकार को गिरा देना सही है? उन्होंने पूछा कि क्या इस तरह बेईमानी करके सत्ता हासिल करना आरएसएस को मंजूर है। दूसरे सवाल में, केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर निशाना साधकर कहा कि दोनों नेताओं ने भरे मंच पर कुछ नेताओं को भ्रष्टाचारी कहा और फिर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि 28 जून 2023 को प्रधानमंत्री ने एक नेता पर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया और उसके कुछ दिन बाद उसी नेता को डिप्टी सीएम बना दिया।

# मानसून विदा होने से पहले कई राज्यों में करेगा झमाझम बारिश

**नई दिल्ली।** अब मानसून चला चली की बेला में है,लेकिन जाते जाते कई राज्यों में झमाझम बारिश करने के मूड में है।अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार हैं। 28 सितंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी से अति भारी बारिश के आसार हैं। 26 सितंबर को हिमाचल प्रदेश, 26-27 सितंबर को उत्तराखंड, 28 सितंबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश, 27 से 29 सितंबर तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के आसार हैं। अगले 3 दिनों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा में हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि अब तक मॉनसून राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों



से विदा हो चुका है। हालांकि, जाते-जाते भी मॉनसून पूर्व से लेकर पश्चिम और दक्षिण से लेकर उत्तर तक राज्यों को बारिश का तोहफा देने वाला है। मौसम विभाग ने इस सप्ताह उत्तर प्रदेश समेत 10 से ज्यादा राज्यों में बारिश की संभावनाएं जताई हैं। 30 सितंबर के पहले जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ से मॉनसून विदा हो सकता है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम में अगले 7 दिनों के दौरान बारिश के आसार हैं।

# अगर टिकट न मिलने पर किसी नेता ने बगावत की तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर बीजेपी ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नागपुर और विदर्भ क्षेत्र के सभी 62 विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को साफ संदेश दिया कि चुनाव से पहले पार्टी में विद्रोह और गुटबाजी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई नेता टिकट न मिलने पर बगावत करता है, तो उसे इसके लिए गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। शाह ने पार्टी के नेताओं से कहा कि वे न सिर्फ बीजेपी उम्मीदवारों के लिए बल्कि गठबंधन में शामिल शिवसेना और एनसीपी उम्मीदवारों के लिए भी एकजुट होकर काम करें। उन्होंने विदर्भ



क्षेत्र में 45 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है और महायुति सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को मतदाताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया। महाराष्ट्र में सत्ता में वापसी के लिए बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी के गठबंधन को मजबूती से चुनाव लड़ना होगा। शाह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में तेजी लाने को कहा। मतदाताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताने की अपील की। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि आगामी नवरात्रि और दिवाली के त्योहारों का इस्तेमाल मतदाताओं के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए किया जाना चाहिए। अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को विपक्षी दलों पर नजर रखने और असंतुष्ट नेताओं को महायुति में लाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी विपक्षी दल का नेता अपनी पार्टी से असंतुष्ट है, तो उसे गठबंधन में शामिल किया जा सकता है, चाहे उसका राजनीतिक अतीत कुछ भी हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीजेपी को सिर्फ अपनी जीत पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि महायुति के लिए भी पूरी प्रतिबद्धता से काम करना चाहिए। शाह ने विदर्भ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को महायुति गठबंधन के पक्ष में हर संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सत्ता में वापसी के लिए यह चुनाव निर्णायक साबित हो सकता है।

# वन्यजीवों के संरक्षण में मील का पत्थर बनेगा एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरिडोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर बनाया जा रहा एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर न केवल सड़क यात्रा को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि यह वन्यजीवों के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली से देहरादून की यात्रा अब महज 2.5 घंटे में संभव होगी, जिससे यात्रियों को सुविधा के साथ-साथ वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इस अनूठे कॉरिडोर के निर्माण से यह स्पष्ट है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ रखा जा सकता है। यह पहल न केवल भारत के लिए, बल्कि एशिया के लिए भी एक मिसाल पेश यह 12



किलोमीटर लंबा कॉरिडोर राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक रिजर्व फॉरेस्ट एरिया के बीच स्थित है, जो हाथियों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। इस कॉरिडोर की विशेषता यह है कि इसके तहत जानवरों की आवाजाही के लिए कई अंडरपास बनाए गए हैं। इनमें से 8 अंडरपास विशेष रूप से जानवरों के लिए सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करेंगे, जिससे मानव-वन्यजीव टकराव को कम किया जा सकेगा।हाथियों के लिए विशेष रूप से 200 मीटर लंबे दो कॉरिडोर बनाए गए हैं, जो आशरोडी से दात काली टेंपल तक जाते हैं। यह कॉरिडोर न केवल हाथियों को सुरक्षित रखने में मदद करेगा, बल्कि इसे गणेशपुर से देहरादून तक बढ़ाया गया है, जिसमें 340 मीटर लंबी एक टनल भी शामिल है। इससे वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी और इंसानों और जानवरों के बीच टकराव के अवसर कम होंगे।इस कॉरिडोर की एक और अनूठी विशेषता है नॉयस बैरियर्स। ये 4 मीटर ऊंची दीवारें पॉलीकॉर्बोनेट से बनी हैं, जो ट्रैफिक के शोर को काफी हद तक सोख लेंगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भले ही भारी वाहन जंगल के पास से गुजरें, लेकिन उनकी आवाज जानवरों तक नहीं पहुंचे। करती है।

### तिरुपति लड्डू प्रसाद में मिलावट टीटीडी ने घी सप्लाई करने वाली कंपनी के खिलाफ दर्ज कराई FIR

**तिरुपति।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसिद्ध लड्डू प्रसाद में कथित मिलावट के मामले में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड, डिंडीगुल के खिलाफ एफआईआर एफआईआर दर्ज कराई है। टीटीडी ने यह शिकायत ईस्ट पुलिस थाने में की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि डेयरी द्वारा सप्लाई किए गए घी में पशु चर्बी की मिलावट पाई गई है। सरकार ने इस गंभीर मामले की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। वहीं, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने तमिलनाडु स्थित एआर डेयरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एफएसएसएआई के मुताबिक, घी के चार सैंपल्स में पशु चर्बी की मिलावट पाई गई थी। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका के रूप में लंबित है। यह याचिका बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा लगाए गए मिलावट के आरोपों की जांच की मांग की थी।

### मोदी ने जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को आज उनकी जयंती पर नमन किया। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो अपलोड कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन प्रसंगों की चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, ''महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अंत्योदय की उनकी अवधारणा विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में अमूल्य भूमिका निभाने वाली है। देश के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अविस्मरणीय रहेगा। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स हैंडल पर लिखा, '' एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर पर शत्-शत् नमन।'' भाजपा ने उनका पुण्य स्मरण करते हुए एक और पोस्ट की। इसमें देशवासियों का आह्वान किया, '' अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को भाजपा सदस्यता महाअभियान का हिस्सा बनें।

## 7 जिलों में बारिश का अलर्ट:

# अगले 2 दिनों तक कई शहरों में हो सकती है बारिश



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले 2 दिनों तक बारिश की संभावना हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 7 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान 8 से 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं, अधिकतम तापमान 36 से 38 और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मंगलवार की शाम नवादा में बारिश के दौरान रजौली थाना क्षेत्र के एकअंबा गांव में आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक शख्स झुलस गया, जिनका इलाज चल रहा है।

# बिहार में 70 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार: 303 औद्योगिक इकाइयां जल्द शुरू होंगी



3 हजार 871 करोड़ का होगा निवेश

**पटना, एजेंसी।** बिहार में 303 औद्योगिक इकाइयां (इंडस्ट्रीयल यूनिट) शुरू होने जा रही हैं। जिससे लगभग 70 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। निवेशक बिहार में 3,871 करोड़ रुपए का निवेश कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश इकाई खाद्य एवं प्रसंस्करण की हैं। बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने इन इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय क्लियरेंस दे दिया है। इनके साथ ही 383 अन्य औद्योगिक इकाइयों को भी प्रथम क्लियरेंस मिला है। ये 5,721 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होंगी।

हालांकि, इनके वित्तीय क्लियरेंस में 6 महीने का समय लग सकता है। बिहार में निर्मित सामग्री देश के कई राज्यों में जाएंगी। साथ ही नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमार को भी निर्यात किया जाएगा। इसके लिए 12 औद्योगिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में मार्केट्स भी बनाए जा रहे हैं। इससे न केवल निर्यात चेन मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों की पहचान भी बढ़ेगी।

**रोजगार के लिए हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा : मंत्री**

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में रोजगार के लिए हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। पेप्सी, कोका कोला, जेके लक्ष्मी सीमेंट सहित कई कंपनियां बिहार में निवेश कर रही हैं। देश के सभी बड़े ब्रांड के निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

मोतिहारी, वैशाली, फारबिसगंज व मुंगेर सहित लगभग एक दर्जन जिलों में 110 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाई चालू हो गई हैं। 19 हजार लोगों को रोजगार मिला है। बेगूसराय में पेप्सी बॉटलिंग प्लांट और नवानगर औद्योगिक क्षेत्र में वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का भी काम शुरू हो गया है। फारबिसगंज में मुर्गी के दाने व पशु आहार बनाने वाली कंपनियां स्थापित हो चुकी हैं। जेके लक्ष्मी सीमेंट, चंद्रिका पॉवर लिमिटेड, पिनेक्स स्टील समेत कई अन्य कंपनियां भी चालू हो चुकी हैं।

**कपड़ा उद्योग में होगा निवेश**

देश की ब्रांडेड कंपनियां बिहार में निवेश के लिए तैयार हैं। मुंबई में 13 सितंबर को निवेशक मीट हुई। इसमें 22 निवेशकों ने बिहार के कपड़ा उद्योग में निवेश करने का फैसला लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मानवतावाद ही दिनकर की रचनाओं का केंद्र: प्रो. ब्रजेश

**गया, एजेंसी।**

रामधारी सिंह दिनकर न्याय और मानवतावाद के कवि हैं। युग की प्रतिध्वनि उनकी रचनाओं में झलकती है, इसीलिए उन्हें युग-चारण कहा गया। उक्त बातें मंगलवार को मगध यूनिर्वसिटी के हिन्दी विभाग में दिनकर जयंती-सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने कहीं। %राष्ट्रजागरण के उद्गाता : रामधारी सिंह दिनकर विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी में वक्ताओं ने दिनकर के जीवनी पर अपने-अपने विचार रखे। डॉ. आनंद कुमार सिंह ने दिनकर की रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की सामासिक संस्कृति को दिनकर बखूबी समझते थे। वे धर्म, वीरता, काम और अध्यात्म का संतुलित समन्वय अपनी रचनाओं में की है। डॉ. राकेश कुमार रंजन ने कहा दिनकर की रेणुका, हुंकार, परशुराम की प्रतीक्षा, कुरुक्षेत्र और रश्मिरथी जैसी अनेक रचनाएं विश्व के क्लासिक ग्रंथों में शुमार है।

डॉ. परम प्रकाश राय ने कहा कि जब हिन्दी का पक्ष लेने की बात आई तो दिनकर ने अपने पसंदीदा नेता पंडित नेहरू को भी नहीं बख्शा। डॉ. अनुज कुमार तरुण ने कहा दिनकर ने वर्ग, वर्ण और धर्म की अनेक कृत्रिम सीमाओं से ऊपर होकर रचना की। डॉ. अम्बे कुमारी सहीत अन्य वक्ताओं ने दिनकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रवीन्द्र, अलोक, प्रेमजीत आदि विद्यार्थियों ने दिनकर की कविताओं का पाठ किया। डॉ कुणाल किशोर, सुरभि, मृणालिनी, पूनम, महिमा, बंटी, श्रीकांत समेत कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ रहे युवकों को पुलिस की गाड़ी ने कुचला

**जहानाबाद, एजेंसी।** बिहार में रोहतास जिले के बाद अब जहानाबाद में सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे नौजवानों को कुचलने का मामला सामने आया है। इस बार पुलिस की गाड़ी ने तीन युवकों को जबरदस्त टक्कर मारी है। यह तीनों भी सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे थे। इस हादसे में दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, हुलासगंज थाने की पुलिस गाड़ी ने बुधवार की अहले सुबह पांच बजे गया-पटना मेन रोड पर तीन युवकों को ठोकर मारी दी जिससे तीनों घायल हो गये।

तीनों घायलों को हुलासगंज सीएचसी में तुरंत पुलिस कर्मियों द्वारा भर्ती कराया गया है। घायलों में दो युवक विपीन कुमार पिता मनोज दास तथा जगजीवन कुमार पिता शत्रुघ्न दास के गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है तथा एक अन्य युवक का इलाज स्थानीय सीएचसी में किया गया है जिसकी हालात सामान्य बताई गई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि तीनों सेना में भर्ती को लेकर सड़क पर रोज की भांति दौड़ लगा रहे थे। पीछे से आ रहे पुलिस गाड़ी असंतुलित होकर ठोकर मारी दी।ठोकर लगने से घायल तीनों युवकों को पुलिस कर्मियों द्वारा उसी वाहन से हुलासगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक हुलासगंज के ही रहने वाले बताये गये हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पंहुचा गये तथा चीख पुकार मच गई है। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई गई है।

आपको बता दें कि इससे पहले मंगलवार को रोहतास जिले के संझौली के सोनी गांव में ऐसा ही हादसा हुआ था। यहां तीन नौजवान जब सुबह के वक्त सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे थे तब एक वाहन ने उन्हें कुचल दिया था। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई थी और एक युवक जख्मी हो गया था। इस घटना से नाराज लोगों ने आरा-सासाराम रोड को जाम भी कर दिया था।

### मिठनपुरा में शिक्षिका से बाइकर गैंग ने चेन झपटी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मिठनपुरा थाना क्षेत्र में पी एडं टी चौक के समीप बाइकर गैंग के अपराधियों ने शिक्षिका सरिता सोनी से चेन झपट ली। वह मिठनपुरा के वार्ड 36 स्थित अपने घर से निकलकर पैदल ही बाजार जा रही थी। इस बीच बाइक सवार हेलमेट पहने दो युवक पीछे से आए और चेन झपटकर फरार हो गये। शिक्षिका ने मिठनपुरा थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ एफआईआर कराई है। बताया कि वह मूलरूप से अहियापुर थाना क्षेत्र के मिठनसराय की रहने वाली है।

# बक्सर में ड्रैगन फ्रूट की खेती, लाखों का मुनाफा: 25 दिनों में 5 क्विंटल फल



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर जिले के तिवारीपुर के एक किसान ने विदेशों में होने वाली ड्रैगन फ्रूट को बिहार के धरती पर उगाया है। इसकी खेती से वो महीना में लाखों की कमाई कर रहे हैं। किसान ने खेती की शुरूआत तीन साल पहले किया था जो पिछले दो सालों से फल दे रहा है।

ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले बक्सर जिले के तिवारीपुर के पहले किसान दरोगा तिवारी हैं। उन्होंने बताया कि बहुत ही कम जमीन पर इसकी खेती कर फल को आसानी से लोकल मार्केट में भी बेचकर गाढ़ी कमाई किया जा सकता है। फिलहाल इस फल से साल में ढाई से तीन लाख रुपए का मुनाफा कमा रहे हैं।

**25 दिनों में चार से पांच क्विंटल निकलता है फल:** फल को बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये एक सीजन में 3 से 4 बार फल देता है। साल 2021-22 में हमने 16 कट्ठा जमीन में ड्रैगन फ्रूट्स खेती की। शुरुआत के डेढ़ साल के बाद जब पौधा हुआ तो फल देने लगा। फिलहाल 210 पोल पर प्लांट लगाए गए हैं। प्रत्येक फल का वजन लगभग 300 से 800 ग्राम तक होता है। एक पौधे पर 50 से 120 फल लगते हैं। हर 25 दिन पर चार से पांच क्विंटल फ्रुट निकलता है। इस फल को बाहर नहीं बल्कि अपने जिला के मंडियों एवं बाजारों में ही खपाना है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लॉटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है।

**कम जमीन में ज्यादा मुनाफा:** दरोगा तिवारी ने बताया की पहले बाप दादाओं के पास ज्यादा जमीन थी। उत्पादन कम भी हुआ तो काम चल जाता था। आज जमीन का बंटवारा होते-होते सबके पास काफी कम जमीन बच गया है। सारे किसानों के पास यह समस्या है एक हमारे यहां नहीं है। सभी किसानों के पास अब धीरे-धीरे खेती लायक जमीन को लेकर समस्या होते जा रही है। इस परिवेश में कम खेती में अधिक अधिक मुनाफा कैसे हो उसपर काम चल रहा है। जिसके लिए ड्रैगन फ्रूट्स की खेती अभी बेहतर माना जा रहा है। 16 कट्ठा जमीन में लगाए इस फल से 3 लाख रूपए साल में कमा सकते हैं। वहीं, धान-गेंहू, बाजरा लगाकर 16 से 20 हजार रुपए साल में कमा सकते हैं।

**एक प्लांट की लाइफ 25 साल:** किसान ने कहा कि इसकी औसत उपज 5 से 6 टन प्रति एकड़ होती है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लॉटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है। फल के पौधों को दूसरे पौधों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार रोपण, फूल आने और फल विकास के समय या गर्म व शुष्क मौसम में बार-बार सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसके लिए सिंचाई की बूंद-बूंद पद्धति का उपयोग करना चाहिए।

**जंगली जानवरों से नुकसान का नहीं डर:** ड्रैगन फ्रूट के प्लांट लतर वाले होते हैं। इसलिए सहारे के लिए खेत में सीमेंट के खंभे या बांस बल्ला की जरूरत होती है। एक खंभे के साथ 3-4 प्लांट लगाए जा सकते हैं। जैसे-जैसे प्लांट बढ़ता है उसे रस्सी से बांधे जाते हैं। एक-सवा साल बाद प्लांट तैयार हो जाता है। ड्रैगन फ्रूट पहले साल में फल देना शुरू कर देता है।

मई और जून में फूल लगते हैं। जुलाई से दिसंबर तक फल लगते हैं।उसके एक महीने बाद फल तुड़ाई के लिए तैयार हो जाते हैं। इस अवधि के दौरान इसकी 3 से 4 बार तुड़ाई की जा सकती है। ड्रैगन फ्रूट के कच्चे फल हरे रंग के होते हैं, जो पकने पर लाल रंग में परिवर्तित हो जाते हैं। फलों की तुड़ाई का सही समय रंग परिवर्तित होने के तीन-चार दिनों बाद का होता है।सबसे बड़ी बात है की इसको जंगली जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

# डायल-112 की पुलिस गाड़ी पर हमला, शीशा टूटा, हिरासत में 2 लोग

### नवादा में ई-रिक्शा चालक-पैसेंजर के बीच हुआ था विवाद




**नवादा, एजेंसी।** नवादा में दो लोगों क विवाद को सुलझाने गई डायल-112 के आपातकालीन सेवा गाड़ी पर हमला किया गया है। गाड़ी का शीशा टूट गया है। पूरा मामला रो प्रखंड के विजयनगर पास का है। जहां ई-रिक्शा चालक व पैसेंजर में किराया को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान पुलिस को घटना की सूचना मिली थी।

सूचना पर पुलिस मौका पर पहुंची थी, तभी गांव के कुछ बदमाश लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर पत्थरबाजी कर दी।पुलिस की गाड़ी का शीशा टूट गया है। जहां आपातकालीन सेवा 112 की टीम के पीटीसी अविनाश भारती के लिखित आवेदन की शिकायत पर प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। ई-रिक्शा चालक पशु राजवंशी और यात्री अरविंद कुमार को हिरासत में लिया गया है।

आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस

पुलिस आगे मामला की जांच कर रही है। बदमाशों पर कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस की गाड़ी पर बदमाशों ने हमला किया है। उन पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई है। इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी बसंत कुमार से फिलहाल बयान नहीं दिया है। थाना प्रभारी ने हमला करने वाले बदमाशों के खिलाफ छापेमारी की है।



# फसल, सड़क सब लील गई गंगा, 12 साल में 5वीं बार उफनाई

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले में गंगा की बाढ़ से होने वाली तबाही लोगों की नियति बनते जा रही है। पिछले 12 साल में पांचवीं बार गंगा ने विकराल रूप लिया है। बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिले की बड़ी आबादी गंगा किनारे बसी हुई है। इसके चलते गंगा में बाढ़ आने से जिले की बड़ी आबादी प्रभावित होती है। 2024 के पहले 2013, 2016 और 2021 में गंगा में आई बाढ़ ने तबाही मचाई थी।

हर साल गंगा की बाढ़ से जिले में जानमाल और फसलों को नुकसान हो रहा है। इसमें नाथनगर, सबौर, इस्माईलपुर, नारायणपुर, रंगरा चौक, गोपालपुर, कहलगांव, पीरपैंती, सुल्तानगंज और शाहकुण्ड प्रखंड के क्षेत्र शामिल हैं। बाढ़ के दौरान जिले में धान, मक्का, केला के अलावा सब्जियों की फसलों को नुकसान हो रहा है। फसल के अलावा सबसे अधिक नुकसान सड़कों को हुआ है। 2024 में भी जिले में फसलों के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पर्यावरणविद् अरविंद मिश्रा ने बताया कि गंगा में दूसरे क्षेत्रों से अधिक पानी आने के चलते बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है।

गंगा में गाद अधिक होने के चलते पानी का फैलाव और नुकसान भी अधिक क्षेत्रों में हो रहा है। गंगा में अगर फरक्का तक गाद निकाल दिया जाए तो बाढ़ की स्थिति इतनी विकराल नहीं होगी। सहायक नदियों के अतिक्रमण के चलते भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) कुंदन कुमार ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा फसल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रभावित अंचलों के सीओ प्रतिदिन बाढ़ से प्रभावित लोगों की रिपोर्ट भेज रहे हैं। भागलपुर के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि गंगा में पहले से पानी था। सोन नदी से अधिक पानी डिस्चार्ज होने के चलते बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। गंगा का पानी तेजी से नहीं निकलने के कारण फैल रहा है।

# मां की डांट से नाराज होकर बेटी ने की आत्महत्या

- **किशोरी का बनाया खाना नहीं आया पसंद, फटकार के बाद आम के पेड़ से लटक कर दी जान**



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में मां की डांट से नाराज होकर बेटी ने आत्महत्या कर ली। मृतका फूलचंद ऋषि की बेटी सीमा कुमारी (14) है। सीमा को उसकी मां मीरा देवी ने खाना बनाने के लिए कहा था। खाने के टेस्ट में गड़बड़ी होने पर मां ने किशोरी फटकार लगा दी। डांट को किशोरी ने दिल पर ले लिया। नाराज होकर किशोरी ने आम के पेड़ से लटककर अपनी जान दे दी। घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के बघवा गांव की है। हालांकि पुलिस सुसाइड की वजह तलाशने में जुटी है। ख्नस्रुकी टीम ने मौके से कई अहम साक्ष्य इकट्ठे किए हैं। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है।

मृतका के मामा घनश्याम ने कहा कि आए दिन उसकी मां उसे खाने में नमक, तेल ज्यादा-कम होने के लिए सुनाती थी। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। खाने में कोई टेस्ट नहीं रहने की वजह से मां ने उसे डांटा और फिर वो घर के बाहर चली गई। मां के घर से बाहर जाने के बाद किशोरी ने खुदकुशी कर ली।

जब मां घर आई तो बेटी को आम के पेड़ से लटका देखकर चिल्लाने लगी। आसपास के लोग दौड़ कर आए और किशोरी को उतारा गया। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मीरगंज थाने को दी।

### कई अहम साक्ष्य जुटाए

सूचना पाकर मीरगंज थानाअध्यक्ष राजेश कुमार रंजन घटनास्थल पर पहुंचे। कई अहम साक्ष्य जुटाए। किशोरी की मां को इस बात का अफसोस है कि अगर उसे ये पता रहता है उसकी बेटी इतना बड़ा कदम उठाएगी, तो वो उसे कभी नहीं डांटती।

# मोबाइल नंबर अपडेट नहीं किया तो नहीं बनेगा पॉल्यूशन सर्टिफिकेट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अबतक जिसने वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कराया है, वे शीघ्र मोबाइल नंबर अपडेट करा लें। मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रहने पर वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं बनवा सकेंगे। इस संबंध में बिहार के परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया है। जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार सत्येंद्र यादव ने बताया कि परिवहन सचिव के निर्देश के आलोक में विशेष अभियान चलाकर मोबाइल नंबर अपडेट कराया जा रहा है।

इसके लिए ऑनलाइन एवं जिला परिवहन कार्यालय में भी अपडेट कराने की सुविधा प्रदान की गई है। मोबाइल नंबर अपडेट करने या संशय की स्थिति में परिवहन विभाग के हेल्पडेस्क नंबर 06122547212 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### घर बैठे भी अपडेट कर सकते हैं मोबाइल नंबर

वाहन रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के समय का लिंक्ड मोबाइल नंबर अगर उपयोग में नहीं है या नया नंबर अपडेट करना चाहते हैं तो घर बैठे ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं।

## गोपालगंज में हेल्पलाइन नंबर पर किया था कॉल

# एटीएम मशीन में फंसा कार्ड, 37 हजार रुपए की ठगी, कार्ड लेकर भी भागे बदमाश

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में बैंक से रुपए निकालने गए एक व्यक्ति से 37 हजार रुपए का फ्रॉड हो गया है। एटीएम मशीन में कार्ड फंसने पर पीड़ित ने मशीन के ऊपर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया था। इसके बाद ठगी का शिकार हो गए। शातिर मशीन से कार्ड भी लेकर फरार हो गए। मामला नगर थाना क्षेत्र के जादोपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक का है।

साइबर बदमाशों के शिकार व्यक्ति ने साइबर थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई है। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित व्यक्ति की पहचान नगर थाना क्षेत्र के मालवीय नगर वार्ड नंबर-4 निवासी रंजित सिंह के रूप में की गई।

बताया जाता है की पीड़ित व्यक्ति जादोपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया था। लेकिन, कुछ लोगों को देखकर वह वापस लौटने लगा, तभी एटीएम केबिन से एक व्यक्ति निकला और उसे अपने झांसा में ले लिया। शातिर ने पैसा



निकालने को कहा। जिसके बाद वह दुबारा पैसा निकालने के लिए एटीएम केबिन में घुसा। कार्ड एटीएम मशीन में लगाते ही फंस गया।

**हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के बाद ठगी**

कार्ड फंसने से पीड़ित काफी परेशान हो गया। इस दौरान एटीएम मशीन के ऊपर ही एक हेल्पलाइन लिखा हुआ देखकर कॉल किया। पीड़ित रंजित सिंह ने बताया कि एटीएम के ऊपर एक हेल्पलाइन नंबर 85360 24029 लिखा हुआ था। कॉल करने पर जवाब मिला कि मैं एचडीएफसी बैंक का स्टाफ बोल रहा हूं। आपका एटीएम कार्ड निकाल कर ब्रांच में दे देंगे। आप निश्चिंत रहिए। कुछ ही देर में उनके मोबाइल पर तीन बार में 37,750 रुपए की निकासी का मैसेज आया। एटीएम कार्ड बाहर निकालने पर दुबारा जाने पर एटीएम कार्ड मशीन से गायब था। पीड़ित ने बताया कि मुझे विश्वास है की उन्हीं लोगों ने एटीएम मशीन में कुछ डाल दिया था। जिससे मेरा एटीएम फंस गया। उसने ही हेल्पलाइन नंबर लिख दिया था।

# पटना में सड़क हादसे में बच्चे की मौत

**पटना, एजेंसी।** पटना में सड़क हादसे में तीन साल के बच्चे मो. इबरान की मौत हो गई। घटना पटना के बाढ़ थाना के समीप मसूदबीघा मोहल्ले की है। बताया जा रहा है कि इबरान अपने ननिहाल आया हुआ था।

वह सड़क किनारे खेल रहा था तभी अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बच्चे को कुचल दिया, घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने सड़क को घंटों जाम कर मसूदबीघा मोहल्ले में सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया। वहीं चालक को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवदीप लांडे से मिलकर रो पड़े बुजुर्ग, बोले-मत जाइए

**पटना।** बिहार के सुपरकॉप के नाम से मशहूर शिवदीप लांडे से मिलकर एक बुजुर्ग रो पड़े। बोले, 'आपके आने से दिल में बहुत आस जगी थी, मेरा सौभाग्य था कि आप यहां आए थे।' लांडे बुजुर्ग का हाथ पकड़ते हुए कहते हैं कि, आप चिंता मत कीजिए, मैं बिहार में ही रहूंगा। ये वीडियो शिवदीप लांडे ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि, 'इन आंसूओं को यूं ही जाया नहीं जाने दूंगा, ये मेरे लिए भावुक पल है, मेरी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई' आईपीएस लांडे ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। इस्तीफे के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि, मैं बिहार में ही रहूंगा। ये भी कहा कि, राजनीति में नहीं जाऊंगा।



वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बुजुर्ग उनके इस्तीफे की खबर सुनने के बाद सरकारी आवास पर मिलने पहुंचा है। शिवदीप लांडे अपने कमरे से निकलकर इंतजार कर रहे बुजुर्ग से मिलने आते हैं। शिवदीप लांडे के इस पोस्ट पर ढेर सारे कमेंट आए हैं। हाल ही में बिहार कैडर के आईपीएस शिवदीप लांडे ने पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी थी। कुछ दिनों पहले ही उन्हें तिरहुत रेंज से हटाकर पूर्णिया आईजी बनाया गया था। आईजी बनाए जाने के 2 हफ्ते बाद ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने अपने फेसबुक पर लिखा था कि ' मैं बिहार में ही रहूंगा, आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी।

### राज्य में लगातार बढ़ रही बिजली की मांग, बिहार में पहली बार हुई 8005 मेगावाट बिजली की खपत

**पटना।** राज्य में पहली बार सोमवार की रात 9.53 बजे 8005 मेगावाट बिजली की खपत हुई है। यह पिछले साल से 499 मेगावाट अधिक है। पिछले साल 25 जुलाई को 7506 मेगावाट बिजली की खपत हुई थी। पटना में 737 मेगावाट की खपत हुई। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 70 यूनिट से बढ़कर 360 यूनिट हो गई है। कहा कि वर्ष 2005 में उपभोक्ताओं की संख्या 17 लाख थी। उस समय बिजली की अधिकतम मांग 700 मेगावाट थी। अभी उपभोक्ताओं की संख्या 2 करोड़ 7 लाख से अधिक हो गई है। साथ ही बिजली की खपत बढ़कर 8005 मेगावाट पहुंच गई है। बिजली कंपनियों की उपलब्धि है, जो वर्तमान समय में शहरी क्षेत्रों में 23-24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 21-22 घंटे बिजली आपूर्ति कर रही है।



### शहर के 26 हजार फ्लैट वालों को भेजा गया नोटिस, 31 तक टैक्स जमा नहीं किया तो 100 प्रतिशत जुर्माना लगेगा

**पटना।** पटना नगर निगम ने शहर के ऐसे अपार्टमेंट्स की पहचान कर ली है, जो सालों से संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे हैं। निगम प्रशासन ने शहर के सभी अपार्टमेंट का सर्वे कराया है। इस दौरान 26000 ऐसे फ्लैटों की पहचान गई है, जिनका अबतक असेसमेंट नहीं किया गया है। इन फ्लैटों का संपत्ति कर व होल्डिंग टैक्स का निर्धारण नहीं किया गया है। ऐसे सभी फ्लैट धारकों को निगम नोटिस भेज दिया है। इसके लिए लोगों को 31 सितंबर तक का समय दिया गया है। यदि इस तिथि तक टैक्स जमा नहीं किया गया, तो उन फ्लैट मालिकों पर 100 प्रतिशत तक जुर्माना लगाकर संपत्ति कर की वसूली जाएगी। सर्वे के दौरान कुल 4 हजार अपार्टमेंट का सर्वे किया गया है। इनमें 74 हजार फ्लैट की पहचान की गई है। जिसमें से 26 हजार फ्लैटों का पंजीकरण ही नहीं हुआ है, जिसके चलते ऐसे लोग होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। शहर में शीर्ष पांच ऐसे वार्ड हैं, जहां अपार्टमेंट की संख्या अन्य जगहों की तुलना में अधिक है। इसमें भी वार्ड-28, जो स्टेशन रोड से लेकर फ्रेजर रोड के साथ ही गांधी मैदान के हिस्से को कवर करता है। इस वार्ड में ही सबसे अधिक 11068 में से 2552 ऐसे फ्लैट हैं, जिसका असेसमेंट नहीं हो सका है। इसके साथ ही वार्ड नंबर 2, 7, 22 और 23 में 36420 फ्लैट हैं। जिसमें 9185 फ्लैटों का असेसमेंट नहीं कराया गया है। इसके अलावा शहर के अन्य वार्डों के फ्लैट को मिलाकर यह संख्या 26 हजार तक पहुंच गई है। नगर निगम की टीम द्वारा संपत्ति कर संग्रहण के साथ-साथ नई संपत्ति कर निर्धारण भी ऑनस्पॉट किया जा रहा है। संपत्ति के असेस्मेंट के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सुविधाएं है। नगर निगम के आधिकारिक पोर्टल https://www.pmc.bihar.gov.in/ के माध्यम से घर बैठे संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। नगर निगम के पोर्टल पर उपलब्ध सेल्फ असेसमेंट फॉर्म भरकर शहरवासी स्वयं कर निर्धारण एवं पुनर्निधारण का कार्य कर सकते हैं। प्रतिदिन सुबह 10 से लेकर शाम 7 बजे तक नगर निगम मुख्यालय एवं अंचल कार्यालय में काउंटर पर आम जन अपने संपत्ति कर का असेस्मेंट के लिए आवेदन दे सकते हैं। इसके अलावा निगम द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 155304 पर कॉल करके अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।




# RJD स्मार्ट मीटर के खिलाफ 1 अक्टूबर से करेगी आंदोलन

**एजेंसी, पटना।**

RJD एक अक्टूबर से स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ऐलान किया है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1 अक्टूबर से राजद स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि हम सरकार को डेढ़ महीने का अल्टीमेटम देते हैं। इसके बाद स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाले कर्मचारी, पदाधिकारी को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा और स्मार्ट बिजली मीटर को राजद उखाड़ फेंकेगी।

**गरीब और आम उपभोक्ता इससे परेशान हैं:** जगदानंद सिंह कहा कि स्मार्ट बिजली मीटर के नाम पर पूरे बिहार में लूट मची हुई है। गरीब और आम उपभोक्ता इससे परेशान हैं। अन्य प्रदेशों के मुकाबले बिहार मे तेजी से स्मार्ट मीटर की शिकायत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अकेले बिहार मे इतने स्मार्ट मीटर लगे हैं, जितने पूरे देश मे नहीं लगे हैं। राज्य में 32 लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं, जो पूरे देश के अनुपात मे काफी अधिक है। एक करोड़ 72 लाख स्मार्ट मीटर बिहार मे लगाने का लक्ष्य है। जगदानंद सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर का उद्देश्य था




कि एक ही जगह से रीडिंग लेना, लेकिन तीस से चालीस प्रतिशत अधिक रीडिंग आ रही है। राजद 1 अक्टूबर से हर प्रखंडों मे स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान चलाएगा। हम लोगों ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है।

**गरीब परिवार के घरों की बिजली काटी जा रही है :** जगदानंद सिंह ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों ने भारी भरकम रकम सरकार को और नौकरशाह को दी है, जिसमें अडानी एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लि. और नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी भी शामिल हैं। इसके तहत 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का एग्रीमेंट नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लि. से किया है। अब जो पुराने मीटर की तुलना में स्मार्ट मीटर से बढ़ा हुआ बिल उपभोक्ता के पास आ रहा है, उन

**जगदानंद सिंह ने डेढ़ महीने का दिया अल्टीमेटम, बोले- मीटर उखाड़ेंगे, कर्मचारी-अधिकारी को गांव में घुसने नहीं देंगे**

कंपनियों ने जो रिश्वत सरकार और प्रशासन को दी है इसके माध्यम से उपभोक्ताओं से वसूली कर रही है और राज्य सरकार उनकी सहायता कर रही है। अब तो हालत यह है कि गरीब परिवार के घरों की बिजली काटी जा रही है। गांवों की बिजली काटी जा रही है।

**बिहार में लगभग 2.76 करोड़ हाउस होल्ड हैं:** 2022 का रिसर्च गेट के माध्यम से पता चल रहा है कि लगभग 70 फीसदी ग्रामीण जनता के पास स्मार्ट फोन नहीं है। इसका मतलब है कि स्मार्ट मीटर इन सभी के लिए एक अभिशाप साबित हो रहा है। बिहार में लगभग 2.76 करोड़ हाउस होल्ड हैं। स्मार्ट मीटर की खराबी के कारण अगर इ सभी उपभोक्ताओं से 100 रुपए भी ज्यादा वसूला जाता है तो यह संख्या लगभग 276 करोड़ प्रत्येक महिने कंपनी के पास अलग से मुनाफा होगा।

# पटना में मोबाइल चोरी करने वाले 6 चोर गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**

पटना रेल पुलिस ने मोबाइल चोरी कर बांग्लादेश भेजने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गैंग के सदस्य रेल यात्रियों का मोबाइल और अन्य सामान की चोरी करते थे। रेल पुलिस ने इस गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस ने इन लोगों के पास से चोरी का मोबाइल समेत चोरी में इस्तेमाल औजार भी बरामद किया है। फिलहाल, इस गैंग का सरगना अभी भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**होटल से भी दो की गिरफ्तारी हुई:** रेल एसपी अमृतेन्दु शेखर ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की शाम राजेंद्र नगर प्लेटफॉर्म पर जांच अभियान चल रहा था। इसी बीच प्लेटफार्म नंबर 1 पर दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इसमें एक शाहनवाज खान है, वह पटना का रहने वाला है। दूसरा मोहम्मद सुल्तान है, वह मोतीहारी का है। दोनों के पास से दो मोबाइल की बरामदगी हुई है। पूछताछ के दौरान बताया कि एक संगठित सक्रिय गैंग के सदस्य है। इनकी निशानदेही पर बगल के होटल से



◆ **बांग्लादेश भेजते थे मोबाइल, गिरोह के सदस्यों को सैलरी मिलती थी**

दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक मौसम राजा है, जो नालंदा का रहने वाला है। दूसरा श्रवण कुमार गया का है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि गैंग के दो सदस्य चोरी करने गए है। पुलिस ने घेराबंदी कर कुंदन मिश्रा और एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का 11 मोबाइल, 2 घड़ी, मोबाइल का चार्जर और ब्लेड का टुकड़ा बरामद हुआ है। गिरोह के सदस्य ब्लेड से यात्रियों का बैग काटते थे। मोबाइल चोरी करने के बाद मालदा में बेचते थे। वहां से सभी मोबाइल को बांग्लादेश को भेज दिया जाता था।

## पटना में सड़क हादसे में बच्चे की मौत, तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने कुचला

**एजेंसी, पटना।**

पटना में सड़क हादसे में तीन साल के बच्चे मो. इबरान की मौत हो गई। घटना पटना के बाढ़ थाना के समीप मसूदबीघा मोहल्ले की है। बताया जा रहा है कि इबरान अपने ननिहाल आया हुआ था। वह सड़क किनारे खेल रहा था तभी अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बच्चे को कुचल दिया, घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने सड़क को घंटों जाम कर मसूदबीघा मोहल्ले में सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया। वहीं चालक को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**पहले भी ब्रेकर देने की मांग की गई थी:** आक्रोशित परिजनों ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे भी हवा हवाई चलाते हैं और पुलिस मुकदर्शक बनी है। बच्चा सड़क किनारे खेल रहा था और अनियंत्रित हवा हवाई ने बच्चें को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मसूदबीघा में सड़क पर ब्रेकर दिया जाए, जिससे तेज गति से गाड़ी न गुजरे, यह घनी आबादी क्षेत्र है। इससे पहले भी ब्रेकर देने की मांग की गई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित भीड़ से चालक को बचाकर थाना ले जाया गया।

# 4 साल से बंद रीगा शुगर मिल होगी चालू

**एजेंसी, पटना।**

बिहार का रीगा शुगर मिल का चालू होने वाला है। 4 साल बाद यह मिल अपना उत्पादन शुरू करेगा। शिवहर और सीतामढ़ी के किसानों को किसी दूसरे जिले के मिल की ओर झांकना नहीं पड़ेगा। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान ने इसकी घोषणा की है। दरअसल, रीगा शुगर मिल को लेकर सरकार ने चार टेंडर जारी किए। तीन टेंडर जारी हुए और यूं ही रह गए। मील से उत्पादन नहीं हो सका। अब चौथे टेंडर में मिल चालू होने का रास्ता साफ हुआ है। मेसर्स निरानी शुगर को लेटर आफ इंटेंट जारी किया गया है। यह कंपनी देश की प्रमुख चीनी उत्पादन करने वाली कंपनी में से एक है। रीगा चीनी मिल खुले जाने का रास्ता मिलने पर गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान कहते हैं कि हम लोगों की कोशिश कामयाब हुई। सुगर मिल को लेकर न्यायालय तक का रास्ता तय करना पड़ा। 19



**बिहार में बढ़ेगा चीनी का उत्पादन, गन्ना मंत्री बोले- शिवहर-सीतामढ़ी के किसानों को कहीं और नहीं झांकना होगा**

फरवरी 2020 से रीगा चीनी मिल बंद थी। मामला NCLT में गया था। गन्ना उद्योग मंत्री बताते हैं कि रीगा चीनी मिल से सीतामढ़ी और शिवहर के किसानों को फायदा होगा। इन दोनों जिलों के गन्ना किसान फिलहाल विष्णु शुगर मिल और सीरवली शुगर मिल को अपनी फसल दे रहे थे।

**2.5 लाख हेक्टेयर में खेती:** बिहार में गन्ना की खेती 2.5 लाख हेक्टेयर में होती है। गोपालगंज, पश्चिम और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर जैसे जिलों में बड़े पैमानों पर गन्ना की खेती होती है। बिहार में 128 दिन चीनी मिल में पेराई की जाती हैं। बिहार में 2006-07 में 4.5 लाख मैट्रिक चीनी उत्पादन था जो 2023-24 में बढ़कर 6.7 लाख टन हो गया है।

**चीनी उद्योग कर्मी का 30 साल से वेतन बकाया:** बिहार में 5 हजार चीनी उद्योग से जुड़े कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं हो सका है। 20 से 30 सालों से वेतन बकाया है। इस मामले पर गन्ना उद्योग मंत्री चंदन पासवान बताते हैं कि बिहार राज्य चीनी उत्पादन निगम को भंग होने के बाद कर्मचारी सड़क पर आ गए। उनका अब तक वेतन भुगतान भी नहीं हुआ। वेतन भुगतान को लेकर विभाग में नौ बार विज्ञापन निकला। विज्ञापन के बाद 10 हजार कर्मियों ने वेतन भुगतान को लेकर दावा पेश किया। वह आगे कहते हैं कि 1 हजार से 5 हजार रुपए बकाया वेतन भुगतान के लिए कोई सामने नहीं आ रहा। वह आगे बताते हैं कि उनकी कोशिश है कि ऐसे कर्मियों के घर तक जाएंगे और वेतन भुगतान करवाएंगे। इधर, गन्ना उद्योग की माने तो 10 हजार कर्मियों के वेतन भुगतान के लिए 222 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। जिलाधिकारी के पास 60 से 70 करोड़ रुपए एडवांस रखे गए हैं। कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान के लिए बिहार सरकार ने एग्जिट सेटलमेंट प्लान लाया था।

**गन्ना उत्पादन में पांचवा स्थान:** बिहार में गन्ना की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। गन्ना उत्पादन में बिहार का पांचवा स्थान है। बिहार से आगे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे स्टेट हैं।

# हाई कोर्ट में लॉ कॉलेजों की दयनीय स्थिति पर सुनवाई, गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है

**एजेंसी, पटना।**

**लंबित निरीक्षण रिपोर्ट पेश करने का निर्देश**

पटना हाई कोर्ट के समक्ष राज्य के सभी सरकारी और निजी लॉ कालेजों की दयनीय हालात पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कुणाल कौशल की जनहित याचिका पर सुनवाई की। कॉउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को लॉ कालेजों के लंबित निरीक्षण रिपोर्ट को गुरुवार को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

**बीसीआई से विस्तृत ब्यौरा मांगा गया था:** इसके पूर्व कोर्ट ने सभी लॉ कॉलेजों के संबंध में बीसीआई से विस्तृत ब्यौरा देने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने लॉ कालेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता का ब्यौरा भी बीसीआई को देने का निर्देश दिया था। लॉ कॉलेजों के प्रिंसिपलों की शैक्षणिक योग्यता का ब्यौरा देने का भी निर्देश दिया था। अनुग्रह नारायण मेमोरियल कालेज में छात्रों के प्रवेश के लिए अनुमति मांगी थी। बीसीआई ने इस कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्था में कमियां बताई




थी। कोर्ट ने कहा था कि यदि ये सारी कमियां दूर कर ली जाती है तो सत्र 2024- 2025 के लिए छात्रों के नामांकन की अनुमति दी जा सकती है।

**लॉ कॉलेजों में नहीं हो रहा पालन:** कोर्ट ने जानना चाहा था कि क्या ये लॉ कॉलेज बीसीआई द्वारा लॉ की पढ़ाई के लिए निर्धारित मानको को पूरा कर रहे हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीनू कुमार ने कोर्ट को बताया था कि बहुत सारे लॉ कॉलेज बीसीआई द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करने के बाद भी चल रहे हैं। उन्होंने बताया था कि इन लॉ कालेजों में पढ़ाने वाले शिक्षक भी बीसीआई द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नहीं रखते हैं। पीएचडी की डिग्री उन शिक्षकों के लिए आवश्यक है। लेकिन, लॉ कालेजों में इनका पालन नहीं किया जा रहा है। कोर्ट जानना चाहा था कि बगैर बीसीआई द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा किये बहुत से लॉ कालेजों में छात्रों का नामांकन कैसे लिया जा रहा है। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि यदि कोई लॉ कालेज बीसीआई द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करता है, तभी छात्रों का नामांकन होना चाहिए। इस मामले पर 26 सितम्बर, 2024 को फिर सुनवाई की जाएगी।

# 7 जिलों में बारिश का अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में अगले 2 दिनों तक बारिश की संभावना हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 7 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 8 से 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं, अधिकतम तापमान 36 से 38 और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मंगलवार की शाम नवादा में बारिश के दौरान रजौली थाना क्षेत्र के एकअंबा गांव में आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक शख्स झुलस गया, जिनका इलाज चल रहा है। वहीं, गंगा में जलस्तर बढ़ने से प्रदेश के 12 जिले बाढ़ से प्रभावित है। वहीं, भागलपुर में गंगा का कटाव बढ़ गया है। सबौर प्रखंड का मसाडू गांव में तीन घर 10 मिनट में गंगा में समा



गए। अब लोगों को डर सता रहा है कि उनके घर भी गंगा में विलीन ना हो जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के 50 से अधिक घर बह चुके हैं। आशंका जताई जा रही कि 10 से अधिक घर 24 घंटे में गंगा में विलीन हो जाएंगे। 500 फीट जमीन कट चुकी है। मंगलवार को मुंगेर, मुजफ्फरपुर, किशनगंज, मधुबनी, कटिहार, मधेपुरा, लखीसराय समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई है। इससे उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान सीतामढ़ी सबसे गर्म जिला रहा। जहां का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आप किस जमीन के मालिक हैं, 30 नवंबर तक बताएं

**एजेंसी, पटना।**

जमीन सर्वे के लिए राज्य से बाहर रहने वाले बिहार आने की हड़बड़ी ना करें। दीपावली-छठ में आएं तो जमीन के दस्तावेज की व्यवस्था कर स्वघोषणा (जमीन की जानकारी) जमा कर दें। 31 अक्टूबर को दीपावली है। 7-8 नवंबर को छठ महापर्व है। यह देखते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 30 नवंबर तक स्वघोषणा की तिथि बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नियमावली में संशोधन भी हो रहा है। सरकार ने 20 अगस्त के आसपास 43,041 गांवों में जमीन सर्वेक्षण की घोषणा की है। इसके मुताबिक 45 दिनों के अंदर रैयतों को अपनी जमीन की जानकारी (स्वघोषणा) देनी है। 45 दिन की मियाद अब 100 दिन की होगी। 45 दिन वाली मियाद अक्टूबर के पहले हफ्ते में खत्म हो रही थी जो अब 30 नवंबर तक बढ़ जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि स्वघोषणा की तिथि तीन महीने बढ़ाई गई है। विभाग के कर्मचारी जनता की मदद करेंगे। अगर शिकायत मिली तो कार्रवाई होगी। मंत्री ने बताया कि जमीन माफिया सर्वे के बारे में अफवाह फैला रहे थे। इसी से निपटने के लिए विभाग की ओर से एक टॉल फ्री नंबर 18003456215 जारी किया गया है। इस पर रैयत अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। वहीं जमीन सर्वे की शुरुआत होते ही पटना सहित राज्य भर के अभिलेख कार्यालयों में दस्तावेज निकालने के लिए आवेदनों की संख्या ढाई गुना तक बढ़ गई है। सामान्य तौर पर जिला मुख्यालय स्थित निबंधन कार्यालय के



◆ **बाहर रहने वालों के लिए तारीख बढ़ी, कोई भी सवाल हो तो टोल फ्री नंबर पर लगाएं कॉल**

अभिलेखागार और जिला रिकॉर्ड रूम में दस्तावेज निकालने के लिए औसतन 100 से 120 आवेदन हर दिन आते थे। अभिलेखागार व जिला रिकॉर्ड रूम दोनों जगहों को मिलाकर इसकी संख्या 600 से अधिक हो गई है। कर्मियों और संसाधन की कमी के कारण हर दिन आधे से कम आवेदकों को ही दस्तावेज मिल रहे हैं। इसमें 20 प्रतिशत आवेदन दस्तावेज का कागज फटे होने या खोज नहीं पाने के कारण रिजेक्ट हो रहे हैं। शेष आवेदन बैकलॉग में चले जा रहे हैं। दोनों जगहों को मिला कर अभी 5000 से अधिक आवेदन पेंडिंग हैं। इनके निपटारे के लिए कर्मियों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया की जा रही है, जिसके लिए राज्यभर में 409 लिपिक के पद पर बहाली की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहीं जमीन सर्वे के लिए राज्य से बाहर रहने वाले बिहार आने की हड़बड़ी ना करें।

# बिहार में 70 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार, 303 औद्योगिक इकाइयां जल्द शुरू होंगी, 3 हजार 871 करोड़ का होगा निवेश

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में 303 औद्योगिक इकाइयां (इंडस्ट्रीयल यूनिट) शुरू होने जा रही हैं। जिससे लगभग 70 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। निवेशक बिहार में 3,871 करोड़ रुपए का निवेश कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश इकाई खाद्य एवं प्रसंस्करण की हैं। बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने इन इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय क्लियरेंस दे दिया है। इनके साथ ही 383 अन्य औद्योगिक इकाइयों को भी प्रथम क्लियरेंस मिला है। ये 5,721 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होंगी। हालांकि, इनके वित्तीय क्लियरेंस में 6 महीने का समय लग सकता है। बिहार में निर्मित सामग्री देश के कई राज्यों में जाएंगी। साथ ही नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमार को भी निर्यात किया जाएगा। इसके लिए 12 औद्योगिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में मार्केट्स भी बनाए जा रहे हैं। इससे न केवल



निर्यात चेन मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों की पहचान भी बढ़ेगी।

**रोजगार के लिए हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा : मंत्री-** उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि 'बिहार में रोजगार के लिए हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। पेप्सी, कोका कोला, जेके लक्ष्मी सीमेंट सहित कई कंपनियां बिहार में निवेश कर रही हैं। देश के सभी बड़े ब्रांड के निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।'

**110 औद्योगिक इकाइयां शुरू:** मोतिहारी, वैशाली, फारबिसगंज व मुंगेर सहित लगभग एक दर्जन जिलों में 110 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाई चालू हो गई हैं। 19 हजार लोगों को रोजगार मिला है। बेगूसराय में पेप्सी बॉटलिंग प्लांट और नवानगर औद्योगिक क्षेत्र में वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का भी काम शुरू हो गया है। फारबिसगंज में मुर्गी के दाने व पशु आहार बनाने वाली कंपनियां स्थापित हो चुकी हैं। जेके लक्ष्मी सीमेंट, चंद्रिका पॉवर लिमिटेड, पिनेक्स स्टील समेत कई अन्य कंपनियां भी चालू हो चुकी हैं।

**कपड़ा उद्योग में होगा निवेश:** देश की ब्रांडेड कंपनियां बिहार में निवेश के लिए तैयार हैं। मुंबई में 13 सितंबर को निवेशक मीट हुई। इसमें 22 निवेशकों ने बिहार के कपड़ा उद्योग में निवेश करने का फैसला लिया। 100 से अधिक निवेशकों ने बिहार की भौगोलिक स्थिति, निवेश के लाभ और मार्केट के बारे में जानकारी ली। इस संदर्भ में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि राज्य की व्यापारिक वृद्धि को देखते हुए दर्जनों निवेशक बिहार में निवेश के लिए उत्साहित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने मझौलिया थानाध्यक्ष को पुलिस पब्लिक संबंध बनाये रखने का दिया निर्देश

**11 बजे रात्रि में पहुंचे एसपी**

**11.45 बजे रात्रि तक पुलिसकर्मियों की ली क्लास**

**चा ० भूमि मझौलिया**।मंगलवार की रात्रि पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन व एसडीपीओ विवेक दीप ने मझौलिया थाना का औचक निरीक्षण किया ।अचानक थाना में पहुंचने पर अफरा तफरी का माहौल रहा।पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था,अपराध नियंत्रण,रात्रि गस्ती,वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी,मद्य निषेद्य तथा जनता के बीच भयमुक्त वातावरण बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।गनीमत था कि इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र रात्रि में ही अपने चैम्बर में बैठे मोबाइल गस्ती का रोस्टर बना रहे थे।बाकी बचे एसआई और एएसआई आगमन की खबर मिलते ही वर्दी पहन प्रस्तुत हुए।योगदान के बाद एसपी का यह पहला विजिट था।पुलिस कप्तान ने बेहतर पुलिसिंग की नसीहत दी और कहा कि पब्लिक से संबंध बनाकर रखे।फरियादी की बात सुनकर उसे सहायता की जाये।महिला फरियादियों को तरजीह दी जाये।बताते चले कि बेतिया पुलिस लोक व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था मे सर्वोत्कृष्ट स्तर बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

### नेपाली देशी शराब जब्त, तस्कर फरार

**चा ० भूमि जयनगर/मधुबनी**। मधुबनी जिले के जयनगर थाना के द्वारा भारी मात्रा में देशी शराब को जब्त किया गया है। बता दें कि इस शराब मामले की कारवाई में जयनगर थानाध्यक्ष अंकुर कुमार ने बताया कि दैनिक थाना गश्ती के दरम्यान पुलिस बल ने सघन चेकिंग अभियान के माध्यम से देशी शराब की खेप को जब्त किया है। बरामद किए गए देशी शराब की मात्रा 180 लीटर बताई जा रही है। आगे थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले को मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया गया। साथ ही आगे की करवाई की जा रही है और उन्होंने आगे बताया, हालांकि पुलिस बल के आने की तस्कर को भनक लग गई थी। जिसके कारण शराब तस्कर शराब को छोड़कर वहां से भागने में सफल हो गया।

### जगदीशपुर से अपहृत युवती गोरखपुर में हुई बरामद

**चा ० भूमि नानोसती**।जगदीशपुर के एक गांव से शादी की नीयत से अपहृत हुई लड़की को पुलिस ने गोरखपुर से बरामद कर ली है।हालाकि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है।थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि लड़की के परिजन अपहरण का मामला दर्ज कराए थे।जिसके आधार पर मोबाइल लोकेशन से लड़की को उसके प्रेमी के साथ गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवक व युवती को अग्रेत्तर कारवाई हेतू न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

### योजना की जांच में पहुंची बेतिया की मेयर के साथ दुर्व्यवहार

**मेयर ने एसपी से की शिकायत**

**चाणक्य भूमि, बेतिया/मझौलिया**। मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने एसपी बेतिया से शिकायत की है।आरोप है कि गोलदार पट्टी इलम राम चौक के पास रिंकी गुप्ता के दो भाइयों ने मेयर की गाड़ी रोक, अभद्र व्यवहार किया।उल्लेखनोय है कि जब वह योजना कि जांच में पहुंची तो उनकी गाड़ी घेर लिया गया तथा उन्हें बंधक बनाने की कोशिश की गयी।बड़ी मशक्कत के बाद वो वापस लौटी।मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गयी है।उपरोक्त आशय का एक वीडियो मेयर ने पुलिस को उपलब्ध कराया है।वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस सत्यता में जुट गयी है।समाचार प्रेषण तक अन्य वादियों का पक्ष प्राप्त नही हो सका है।बहरहाल इस घटना के बाद से बेतिया की राजनीति एकबारगी गरमा गयी है।

### लौरिया सीओ ने 2 व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार करने पर एफआईआर दर्ज कराई

**चा ० भूमि लौरिया**। सीओ नितेश कुमार सेठ ने उनसे कार्यालय में दुर्व्यवहार करने पर 2 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। सीओ श्री सेठ ने अपने आवेदन में कहा है कि वे अपने कार्यालय में सरकारी कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। इसी बीच मठिया पंचायत के मठिया गांव के रामू ठाकुर और श्यामनंदन ठाकुर ने उनसे जमीनी संबंधी कार्यों का निष्पादन गलत तरीके से कराने का दबाव बना रहे थे। मेरे मना करने और गलत कार्य नहीं करने की बात कहने पर दोनों व्यक्तियों ने मुझसे दुर्व्यवहार किया और मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने की कोशिश भी की। वहीं उन दोनों व्यक्तियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गलत तरीके से जमीन संबंधी कार्यों का निष्पादन करने का दबाव बनाते हुए मुझे दुर्व्यवहार करने लगे। इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालना और किसी दंडाधिकारी से उलझना व दुर्व्यवहार करना बहुत ही गलत और संगीन मामला है। पुलिस दोनों व्यक्तियों को धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। बहुत जल्द दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर इस बाबत सीओ नितेश कुमार सेठ ने बताया कि रामू ठाकुर और श्यामनंदन ठाकुर ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और और सरकारी कार्यों में बाधा डालते हुए मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने की कोशिश भी की है, जिस कारण मुझे उन दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराना पड़ा है।

### कृषि फीडर ट्रांसफार्मर चोरी का प्रयास, पार्ट पुर्जा छिटकर भागे चोर

**चा ० भूमि संग्रामपुर**। दुवे टोला कृषि फीडर से पूर्वी मधुबनी पंचायत में पहुचा कनेक्सन का तार चोरी होने के कुछ माह बाद ही चोरो ने ट्रांसफार्मर चोरी का प्रयास किया। घटना उक्त पंचायत के ओमप्रकाश मिश्र के समीप अवस्थित ट्रांसफार्मर का मंगलवार की रात्री चोर खोल के निर्माणाधीन रेल लाइन पर उसका पार्ट पुर्जा खोल कर चोर भागने में सफल रहे हलाकि बिखरा पड़ा टांसफार्मर चोर नही ले जा सके। मधुबनी गांव के विनोद सिंह की सूचना पर संग्रामपुर थाना के दरोगा अजय कुमार ने पहुँच जांच पड़ताल किया ।वही बेतिया से डॉग स्कॉयड के पहुँच जांच पड़ताल किया ।घटना स्थल पर विधुत जेई टीम के साथ कैम्प हुये थे।थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही बहुत जल्द चोर को गिरफ्तार किया जायेगा।

### नाईट गार्ड हत्याकांड मामले में एक और आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**चा ० भूमि केसरिया, पू.च**। बिजधरी थाना क्षेत्र के पश्चिमी सुन्दरापुर निवासी स्कूल नाईट गार्ड मणि प्रकाश हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त हसेन्द्र राय ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सोमवार को दो अभियुक्त मनीष कुमार व सुबोध राय ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। वहीं एक अभियुक्त जियालाल कुमार राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बता दें कि हसेन्द्र व शशि राय के घर पर बिजधरी थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया था। इश्तेहार चिपकाने के 48 घण्टे के अंदर अभियुकों को सरेंडर करने को कहा गया था। पुलिसिया दबिश के कारण हसेन्द्र ने सरेंडर किया है। वहीं एक अभियुक्त शशि फिलहाल फरार चल रहा है। जिसको गिरफ्तार करने की कार्रवाई चल रही है।

# महादलित टोला में चल रही विकास योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

चा ० भूमि मधुबनी



डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पंडौल प्रखंड के मुकरम पंचायत में पहुँचकर महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया।आगे उन्होंने मुकरम पंचायत के माहदलित टोला वार्ड नंबर 2 में पहुँचकर नल- जल योजना, पीडीएस दुकान, संपर्क पथ, मनरेगा योजना, आवास योजना आदि का निरीक्षण किया। वहां पर उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिया कि शत_प्रतिशत घरों में नल जल योजना से जलापूर्ति सुनिश्चित करवाए। जिन घरों में कनेक्शन नही हुआ है उन घरों में भी कनेक्शन करे। आगे उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि छुटे हुए पीडीएस लाभुकों का राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करवाये। साथ ही प्रतिभा देवी की पीडीएस दुकान के स्टॉक का भौतिक निरीक्षण किया, जो सही पाया गया। बता दें कि वहां पर उपस्थित ग्रामीणों से भी सरकार की योजनाओं के संबंध में फीड बैक भी लिया गया। ग्रामीणों के द्वारा स्टेट बोरिंग की मरम्मती की बात बताए जाने पर जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारी को शीघ्र मरम्मती करवाने का निर्देश दिया। फिर मनरेगा योजना अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य का भी निरीक्षण किया गया और निर्देश दिया कि कुछ पौधे जो सुख गए उनके स्थान पर नए पौधे लगवाना सुनिश्चित करे, साथ ही इसकी अच्छी तरह से देख- भाल करे। आगे उन्होंने ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त फीड बैक के आधार पर कई सड़को की जांच भी की और उन्हें अविलम्ब मरम्मती का निर्देश भी दिया। साथ ही पंचायत में लगी सोलर लाइट का भी जाँच किया, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शेष सभी वार्डो में सोलर लाइट लगाने के कार्य को पूर्ण करे और इसका नियमित निरीक्षण करे ताकि किसी भी प्रकार की खराबी आने पर कार्यकारी एजेंसी के माध्यम से इसे ससमय ठीक करवाया जा सके। बताते चलें कि आज जिले के 60 से भी अधिक पदाधिकारियों ने अपने निर्धारित पंचायतों में पहुँचकर चल रही विकास योजनाओं का जाँच करते हुए जिला मुख्यालय में अपनी रिपोर्ट सौपी गई।

# दुर्गा पूजा समिति के मांग पर मुखिया ने कराया सड़क निर्माण कार्य



चा ० भूमि

**सुगौली**। सुगौली प्रखण्ड के पजीअरवा में दुर्गा पूजा समिति के मांग पर स्थानीय मुखिया अशोक पासवान ने सड़क निर्माण का कार्य पूरा कर दिया । पजियरवा में शुरू से ही दुर्गा पूजा कि परंपरा रही है । लेकिन सड़क पर जल जमाव के कारण हो रहे बाधा को लेकर दुर्गा पूजा समिति के सदस्यो के मांग पर मुखिया अशोक पासवान के द्वारा महज दो घंटे के अंदर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया । स्थानीय ग्रामीण अमर चंद्र मिश्र , शैलेश कुमार मिश्र, राजनंदन झा ,शेख नूरसेद मुन्नीलाल पासवान , मुकेश झा, विष्णु यादव , खेदु भगत, पुरुषोत्तम मिश्रा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि विगत एक साल से जलजमाव के कारण यह सड़क बंद हो गया था । जिसे हमारे मुखिया अशोक पासवान ने द्वारा सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया गया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयन्ती



चा ० भूमि

**केसरिया**। भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती विभिन्न बूथ पर मनाई गई। मंडल के बिजधरी पूर्वी सुंदरापुर पंचायत के बूथ संख्या 190 पर अनुसूचित जाति बस्ती में वीरेंद्र राम के दरवाजे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है। उन्होंने समाज को एक नया विचार दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एक नया विचार समाज को दिया और विचार यह था कि हमें ऐसी राजनीति करनी है कि जैसा मैं अपने परिवार के लिए सोचता हूं, वैसा मैं सबके लिए सोचूं. जैसी सुविधाएं मुझे चाहिए वैसी सुविधाएं सबको मिलनी चाहिए। मौके पर विधान सभा प्रभारी आनंद सिंह, मडंल महामंत्री अविनाश सिंह, मुना साह, सुरेश सहनी, अजय सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# गौनाहा प्रखण्ड पर सीपीएम का विशाल प्रदर्शन

चा ० भूमि गौनाहा



**गौनाहा**। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की गौनाहा लोकल कमिटी द्वारा गौनाहा प्रखंड पर किसानों, मजदूरों ,महिलाओं का विशाल प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आमसभा को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी( मार्क्सवादी) की बिहार के विधायक डॉक्टर सत्येंद्र यादव ने कहा कि आज बिहार की सरकार मोदी के इशारे पर चल रही है ।बिहार में गरीबों के लिए कोई भी योजना नहीं बनाई जा रही है। अपराध का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है ।हत्या, लूट ,डकैती तथा भूमि माफियाओं का आतंक आज बिहार में कायम है।बिहार सरकार भूमिहिनों को 5 डिसमिल जमीन नहीं दे रही है।राशन में सड़ा हुआ अनाज गरीबों को दिया जा रहा है। दाखिल खारिज तथा परिमार्जन में भयंकर लूट हो रहा है।नीतीश सरकार मोदी तथा आरएसएस के दबाव पर जातीय जनगणना भी नहीं कर पा रही है। ऐसी सरकार को बदलने के लिए हमें तैयार रहना है।

सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के बिहार राज्य सचिवमंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने कहा कि आज देश एक गंभीर स्थिति से गुजर रहा है ।मोदी सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए ,महंगाई ,बेरोजगारी की संकट से लोगों को भटकाने के लिए देश में धार्मिक तनाव का माहौल काम कायम कर दिया है। पूरे देश में नफरत की राजनीति चल रही है ।अब तो धर्म के आधार पर अपराधकर्मियों की पहचान हो रही है और इस आधार पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मुस्लिम अपराधियों के घरों तथा दुकानों को बुलडोजर लगाकर तोड़ रही है ।हमें अपनी देश की सभ्यता और संस्कृति की हिफाजत करनी है ।संविधान की रक्षा करनी है ।इसके लिए मोदी और नीतीश सरकार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार धान पर 2300 रुपए एमएसपी दे रही है ।जो सरासर किसानों का लूट है ।जब केरल की कम्युनिस्ट सरकार 3012 रुपए प्रति क्विंटल धान पर एमएसपी दे रही है ।तो 712 रुपए कम बिहार के किसानों को क्यों दिया जा रहा है ।किसानों के घाटे को देखते हुए गन्ना का दाम 5 सौ रुपए प्रति क्विंटल क्यों नहीं दिया जा रहा है।हमें सरकार की लूट की नीति के खिलाफ संघर्ष करना है और मोदी तथा नीतीश कुमार की सरकार को बदलने के शिवाय गरीबों के लिए ,किसानों तथा मजदूरों के लिए दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव चांदसी प्रसाद यादव ने कहा कि पश्चिम चंपारण में आज सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है ।धान और गन्ना पर इसका भारी असर पड़ा है। इसलिए हमारी पार्टी मांग करती है कि 30000 रुपए प्रति एकड़ किसानों को हर्जाना दिया जाए।

सभा को पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य प्रभुनाथ गुप्ता ने संचालन किया,जिला सचिव मंडल सदस्य हरेंद्र प्रसाद, शंकर कुमार राव,रामा यादव,शंकर दयाल गुप्ता,सुशील श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया ।अंत में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शंकर दयाल गुप्ता के नेतृत्व में अंचल अधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी 11 सूत्री मांग पत्र को रखा।

# खेलने से शारिरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है

चा ० भूमि मोतिहारी



## » उड़ान परियोजना के तहत कबड्डी टूर्नामिंट का हुआ आयोजन

महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, यूनिसेफ के सहयोग से बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान परियोजना के अंतर्गत किशोर-किशोरी नेतृत्व अभियान के तहत आज बांसघाट उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान व कोयला बेलवा के बखरी अल्पसंख्यक टोला में किशोर-किशोरी समूहों का कबड्डी मैच खेला गया। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रज़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में शारिरिक,सामाजिक और बौद्धिक विकास होता है। खेल के माध्यम से टीम भावना का विकास होता है। खेल के माध्यम से बच्चों के अंदर लीडरशिप का जज्बा पैदा होता है। खेल के माध्यम से निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। श्री रज़ा ने कहा कि खेल ऊंच-नीच,लिंग भेद को मिटाने का काम करता है। श्री हामिद ने कहा कि खेल पॉवरफुल टूल है जिससे हम अपने मानसिक और शारीरिक विकास करते हैं, साथ ही ड्राप आउट बच्चों को भी खेल के माध्यम से हम विद्यालय में नियमित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकास के लिए खेल जरूरी है अगर हमें विकास करना है तो अच्छे से खेलना पड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि मेडल लाओ और नौकरी पाओ, अगर हम खेलेंगे तो हमे भी बड़े अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक विकास, मानसिक विकास, मांसपेशियों का विकास इस खेल के माध्यम से होता है। इस अवसर पर बांस घाट के मुखिया सुमन कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। मुखिया के द्वारा कबड्डी टीम के रेफरी सहित सभी 15 प्लेयर और रेफरी को कॉपी, कलम दिया गया। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के प्रखंड समन्वक जितेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक जितेंद्र उपाध्यक्ष, विकास मित्र विनीता कुमार,सोनी कुमारी, समाजसेवी संजय कुमार सिंह, मैच रेफरी अनामिका कुमारी,अंशु कुमारी, सोनी कुमारी, राजश्री, विद्या कुमारी,अमृता, दीपमाला, राजनंदनी,शहज़ादी गुलाफ्शां, सितारा खातून, समीना खातून, फरहत खातून, सबया खातून, सफीना खातून, सानिया खातून, जरीना खातून, रोशनी खातून, सिमरन कुमारी, अर्चना कुमारी, संध्या कुमारी, चंचल कुमारी, रागिनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, सहित करीब 200 बच्चों ने इस खेल स्पर्धा में भाग लिया।

# सीकारिया फार्मेसी कॉलेज ने मोतिहारी रेलवे स्टेशन में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



चा ० भूमि मोतिहारी

शहर के बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन परिसर में "वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे" के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सीकारिया फार्मेसी कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्रों के द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी सौरव सुमन, कॉलेज के सचिव यमुना सिकरिया तथा स्टेशन अधीक्षक दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सिविल सर्जन ने कहा कि हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जाता है। इसका मकसद हेल्थ केयर के फील्ड में फार्मासिस्ट्स के अहम योगदान की सराहना और इसे उजागर करना है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक विकास को गति मिलेगी। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण पासवान ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ-साथ समाज के कल्याण में सुधार के लिए फार्मासिस्ट्स द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसी मकसद से हर साल इस दिन को किसी खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर कॉलेज के सचिव यमुना कुमार सिकरिया ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं शाल से सम्मानित किया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों के वजन, बीपी, शुगर की जाँच करने के साथ ही स्वस्थ जीवन जीने के उपाय बताए गए। स्टेशन अधीक्षक दिलीप कुमार ने कहा कि दवाओं के सुरक्षित और सही इस्तेमाल जरुरी हैं, अपने ज्ञान और करुणा के जरिए आप लोगों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार करते हैं। जिससे लोग स्वस्थ और सुरक्षित रहते है। उन्होंने सभी फार्मासिस्ट को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कॉलेज कि वाइस प्रिंसिपल प्रीति दुबे के साथ पल्लवी कुमारी, रिचा आनंद, शिल्पा कुमारी गुप्ता, अंकुश कुमार के साथ-साथ सभी फार्मेसी कॉलेज के छात्र एवं सहायक अभियंता अखिलेश मिश्रा, अनिल प्रसाद उपस्थित थे।

# पिछले सप्ताह एयरटेल पेमेंट बैंक से दो लाख लूट मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

चा ० भूमि मोतिहारी




## » बगल के कोटक महिंद्रा का रिकाँवरी आफिसर था लूट का मास्टरमाइंड

पिछले सप्ताह नगर थाना क्षेत्र के बलुआ टाल स्थित एयर टेल पेमेंठ बैंक से हुए दो लाख रुपये लूट मामले में पुलिस ने लूट के दस हजार रुपये के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर-1के डीएसपी शिखर चौधरी ने नगर थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में चकिया थाना क्षेत्र निवासी अनूज कुमार व पश्चिम चम्पारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र निवासी अंशू कुमार शामिल है।उन्होंने बताया कि उक्त घटना में पांच लोग शामिल है, जिसमें उक्त बैंक के बगल में स्थित कोटक महिंद्रा के रिकौवरी आफिसर मास्टरमाइंड था। एसपी के निर्देश पर सदर डीएसपी श्री चौधरी के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस व जिला आसूचना इकाई की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व वैज्ञानिक पद्दति से अनुसंधान कर अपराधियों की पहचान कर उसके रघुनाथपुर स्थित किराये की मकान में छापेमारी कर लूट के दस हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से गहन पूछताछ के दौरान उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अपने अन्य साथियों के नाम का खुलाशा किया जिसके गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मज्जे की बात तो यह है कि एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा किया था। छापेमारी में सहायक पुलिस अधीक्षक श्री चौधरी के अलावे नगर कोतवाल विजय कुमार,हरसिद्धि थाना के दारोगा रविरंजन कुमार,जिला आसूचन इकाई दल,नगर थाना के दारोगा प्रवीण कुमार पाण्डेय,करण सिंह, सिपाही चिरंजीवी,नित्यानंद दूबे व नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# सनकी प्रेमी प्रेमिका को चाकू मार किया जख्मी



चा ० भूमि

**पकड़ीदयाल**। थाना क्षेत्र के शेखपुरवा बाजार के समीप प्रेम प्रसंग के कारण एक सनकी प्रेमी ने अपने प्रेमिका को चाकू मारकर जख्मी कर फरार हो गया प्रेमिका का उम्र उन्नीस वर्ष बताया जा रहा है। वहीं जख्मी प्रेमिका का बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया गया है। वही पकड़ी दयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सनकी प्रेमी को छापामारी कर 30 मिनट के अंदर ही एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार कर पकड़ी दयाल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्रथम उपचार के बाद मोतिहारी रेफर कर दिया साथ ही कांड में उपयुक्त चाकू को बरामद कर लिया है। वही घायल प्रेमिका को एस आई बबन कुमार और स्वाति कुमारी के देखरेख में मोतिहारी भेजा गया।

# बेन स्टोक्स सफेद गेंद से वापसी के लिए तैयार, मैकुलम ने इंग्लैंड में नए युग की शुरुआत की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लिश टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि अगर ब्रेंडन मैकुलम उन्हें इंग्लैंड की फिर से शुरू की गई व्हाइट-बॉल टीमों के लिए खेलने के लिए वापस आने के लिए कहते हैं, तो "निश्चित रूप से उनकी हाँ" होगी, हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी तक ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है, क्योंकि उनका ध्यान अगले महीने पाकिस्तान के टेस्ट दौरे की अगुआई करने के लिए समय पर फ़िट होने पर है। 33 वर्षीय स्टोक्स ने 2019 में लॉर्ड्स और 2022 में मेलबर्न में इंग्लैंड की विश्व कप फाइनल जीत में से प्रत्येक में मैच जीतने वाली पारियाँ खेली थीं, लेकिन पिछले साल नवंबर में भारत में एकदिवसीय टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद से उन्होंने व्हाइट-बॉल अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। हालाँकि, अगले प्रमुख आईसीसी इवेंट, चैंपियंस ट्रॉफी के साथ, जो



फरवरी में तेज़ी से नज़दीक आ रहा है, इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने हाल ही में स्वीकार किया कि स्टोक्स और जो रूट दोनों पर विचार किया जा रहा है। स्टोक्स ने पहले 2022 में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, क्योंकि उन्हें तेजी से बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में थकान महसूस हो रही थी, जबकि उन्होंने जून में हुए सबसे हालिया टी20 विश्व कप से भी खुद को अलग कर लिया था, ताकि वे अपने लंबे समय से चले आ रहे घुटने के ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट होने पर ध्यान केंद्रित कर सकें। अब, हालांकि, टेस्ट टीम में कप्तान-कोच की साझेदारी से मैकुलम के साथ स्टोक्स का रिश्ता अच्छी तरह से स्थापित हो गया है, उन्होंने कहा कि वह क्रॉस-फॉर्मेट वापसी के लिए तैयार हैं, लेकिन केवल तभी जब यह व्हाइट-बॉल टीम के सर्वोत्तम हित में हो, जिसने नई पीढ़ी की ओर रुख करना शुरू कर दिया है, जिनमें इस महीने के नए खिलाड़ी जैकब बेथेल भी शामिल हैं, जिनके बारे में स्टोक्स का मानना है कि वे "सुपरस्टार" बनने जा रहे हैं। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्टोक्स ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, "व्हाइट-बॉल टीम के लिए यह अनुभव करने का एक शानदार अवसर है कि मैकुलम ने टेस्ट टीम में क्या लाया है।" उन्होंने कहा, "वह एक अविश्वसनीय कोच हैं जो पूरी प्रतिबद्धता के साथ बोलते हैं और यह अच्छी बात है कि अब तीनों टीमें एक ही संदेश और क्रिकेट खेलने के प्रति एक ही दर्शन के साथ खेल रही हैं।" उन्होंने कहा, "अगर मुझे कॉल आती है और मैकुलम कहते हैं, 'क्या आप आकर खेलना चाहते हैं?' तो जाहिर है, यह निश्चित रूप से हाँ होगा, लेकिन अगर मैं नहीं खेलता हूँ तो मैं बहुत निराश नहीं होने वाला हूँ, क्योंकि मैं बस बैठकर देख सकता हूँ कि बाकी सभी लोग मैदान पर जाकर धमाका कर रहे हैं। मैंने इंग्लैंड के लिए बहुत सारी सफेद गेंद वाली क्रिकेट खेली है, और मैं खेल के उस प्रारूप में जो हासिल किया है, उससे बहुत खुश हूँ। लेकिन ईमानदारी से कहूँ तो हमने इस तरह की किसी भी बात के बारे में बात नहीं की है। मुझे लगता है कि वह मुझे सिर्फ़ उसी पर ध्यान केंद्रित करने दे रहे हैं जिस पर मुझे ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरत है, ख़ास तौर पर टेस्ट टीम के इर्द-गिर्द।" स्टोक्स की टेस्ट टीम के लिए अगली चुनौती अगले हफ्ते तेजी से नजदीक आ रही है, जब वे पाकिस्तान के एक और तीन मैचों के टेस्ट दौरे पर जाएँगे - एक ऐसा मैदान जहाँ उन्होंने दिसंबर 2022 में 3-0 से जीत दर्ज की थी, जो स्टोक्स-मैकुलम शासन की अब तक की सबसे उल्लेखनीय जीतों में से एक है।

# भारत-जर्मनी द्विपक्षीय श्रृंखला से दिल्ली में हॉकी की भावना पुनर्जीवित होगी: हरमनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि यह श्रृंखला राजधानी में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी। दो मैचों की श्रृंखला 23 और 24 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेली जाएगी। यह श्रृंखला एक दशक के बाद राजधानी में पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी को चिह्नित करेगी, जिसका अंतिम मैच जनवरी 2014 में हॉकी विश्व लीग फाइनल - पुरुष राउंड 4 के दौरान खेला गया था।

आगामी श्रृंखला को लेकर हरमनप्रीत ने कहा, "इतने सालों के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में बहुत सारे इतिहास और यादें हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की ऊर्जा बेजोड़ है, और मुझे पता है कि प्रशंसक हमारा समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे।" उन्होंने आगे कहा, "जर्मनी विश्व हॉकी में शीर्ष टीमों में से एक है, और उनके खिलाफ खेलना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। यह हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आगे आने वाले प्रमुख टूर्नामेंटों के लिए तैयार हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और यह श्रृंखला हमें एक बहुत मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देगी।" दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर हरमनप्रीत ने कहा, "दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच की मेजबानी किए हुए एक दशक से अधिक समय हो गया है और हम इस खेल को राजधानी में वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह श्रृंखला केवल दो टीमों के खेलने के बारे में नहीं है; यह दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने के बारे में है। हमें उम्मीद है कि यह क्षेत्र के अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।" विशेष रूप से, यह दो मैचों की श्रृंखला न केवल दिल्ली के लिए एक आकर्षण है, बल्कि देश भर में खेल को बढ़ावा देने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है।

# पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए नोमान अली, आमिर जमाल को टीम में किया शामिल

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली और आमिर जमाल की वापसी हुई है। नोमान ने पाकिस्तान के लिए कुल 15 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 47 विकेट लिए हैं। 37 वर्षीय इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपना आखिरी मैच जुलाई 2023 में खेला था। खुर्रम शहजाद की चोट ने आमिर जमाल के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी का रास्ता साफ कर दिया है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर, जिन्हें अपनी पीठ की समस्या है, पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर प्रभावशाली रहे, लेकिन उसके बाद उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेला



है। हालांकि, उन्होंने हाल ही में चैंपियंस कप में वापसी की। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने के लिए चुनी गई 17 सदस्यीय टीम में से चयनकर्ताओं ने कामरान गुलाम और मोहम्मद अली को बाहर रखा है। चयनकर्ताओं ने पुष्टि की कि दोनों खिलाड़ी उनकी योजना में बने रहेंगे, लेकिन एक बयान में उन्होंने बताया कि "चयन नीति में स्थिरता और निरन्तरता पर जोर दिया गया है, तथा यह विश्वास है कि एक टेस्ट के लिए 15 खिलाड़ी पर्याप्त हैं, इसलिए उन्हें चैंपियंस वन-डे कप और प्रेसिडेंट्स कप में अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व जारी रखने की सलाह दी गई है और प्रोत्साहित किया गया है।" श्रृंखला के लिए चुने गए खिलाड़ियों को चैंपियंस वन-डे कप प्लेऑफ से हटा दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें टेस्ट श्रृंखला से पहले पर्याप्त आराम मिले। मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा, "व्यस्त घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम के साथ, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले हमारे खिलाड़ियों को कुछ आवश्यक आराम देना समझदारी है। हम पाकिस्तान में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसके शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते।

# डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में भाग लेंगी इगा स्विएटेक

**एजेंसी, वारसॉ**

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक, जो व्यक्तिगत कारणों से सियोल और बीजिंग में टूर्नामेंट से चूक गई थीं, डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में खेलेंगी, टेनिस खिलाड़ी के प्रबंधक ने मंगलवार को पोलिश मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में इसकी पुष्टि की। सितंबर की शुरुआत में, 23 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से 6-2, 6-4 से हार गई थी। फिर उन्होंने सियोल और बीजिंग में टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। स्विएटेक की पीआर और संचार प्रबंधक पाउला वोलेका ने



मंगलवार को पोलिश मीडिया को बताया,"अगला टूर्नामेंट जिसके लिए इगा ने पंजीकरण कराया है, वह वुहान में होने वाली प्रतियोगिता है। स्पेन के मलागा में बिली जीन किंग कप टूर्नामेंट में स्विएटेक की भागीदारी के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।"

# पीवी सिंधु के सलाहकार कोच बने दक्षिण कोरिया के ली ह्यून इल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु दक्षिण कोरिया के महान खिलाड़ी ली ह्युन इल को अंतरिम आधार पर अपना सलाहकार कोच बनाएंगी। यह कदम हाल ही में सिंधु के अंतरिम कोच के रूप में अनूप श्रीधर की नियुक्ति के बाद उठाया गया है। दोनों दिसंबर 2024 तक सिंधु की कोचिंग टीम में रहेंगे। उस समय तक स्थायी कोचिंग टीम पर निर्णय होने की उम्मीद है। सिंधु के अक्टूबर में फिनलैंड ओपन और डेनमार्क ओपन में प्रतिस्पर्धी कार्रवाई में लौटने की उम्मीद है। पूर्व विश्व नंबर 1 और प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के दौरान सिंधु के साथी ह्यून इल, विशाल अंतरराष्ट्रीय



अनुभव और सावधानीपूर्वक तैयारी के लिए प्रतिष्ठा लेकर आए हैं। वह 2006 की विश्व चैंपियनशिप में एकल में कांस्य पदक विजेता हैं और उनके नाम 2002 और 2014 में दो एशियाई खेलों के टीम स्वर्ण पदक हैं। श्रीधर के साथ उनके शामिल होने का उद्देश्य एक गतिशील कोचिंग जोड़ी बनाना था, जिसमें अनुभव, सामरिक सटीकता और खेल के गहन ज्ञान का मिश्रण हो। दोनों कोच सिंधु की तैयारी में मदद करेंगे क्योंकि वह ओलंपिक के बाद के अभियान की शुरुआत कर रही हैं और आगामी यूरोपीय सर्किट के लिए अपने खेल को बेहतर बनाना चाहती हैं। सिंधु ने कहा, "मैं इस महत्वपूर्ण अवधि में अनूप और ली ह्यून इल को अपनी टीम में शामिल करके रोमांचित हूं। भारतीय बैडमिंटन के बारे में अनूप की समझ और उनके रणनीतिक दृष्टिकोण ने मुझे हमेशा प्रभावित किया है और मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।" सिंधु ने कहा, "ली को उनकी सावधानीपूर्वक तैयारी और शानदार अनुभव के साथ शामिल करना एक सम्मान की बात है।

## व्यापार

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन से की मुलाकात

### सीतारमण ने कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी से की बातचीत

**एजेंसी, समरकंद/नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं सालाना बैठक से पहले एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन से मुलाकात की। वित्त मंत्री ने लिकुन को एआईआईबी का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने तथा नौ वर्षों की छोटी अवधि में ऋण परिचालन में तीव्र वृद्धि के लिए बधाई भी दी।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन को सुझाव दिया कि बैंक को अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण को मजबूत करना जारी रखना चाहिए तथा सदस्य देशों, विशेष रूप से कम आय वाले



देशों को तकनीकी सहायता तथा अन्य गैर-वित्तीय सेवाओं के माध्यम से वित्तीय संसाधन प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करनी चाहिए।

उधर, एआईआईबी के अध्यक्ष ने भारत को दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक तथा सबसे बड़ा ग्राहक होने के नाते बैंक प्रशासन तथा समग्र विकास में भारत के योगदान की सराहना की तथा भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने की इच्छा व्यक्त की। इससे पहले निर्मला सीतारमण ने एआईआईबी की आयोजित सलाना बैठक से पहले कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई और बीआईटी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत कतर के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो इसे ऊर्जा, अवसंरचना, रसद, आतिथ्य, खाद्य सुरक्षा, स्टार्ट-अप आदि जैसे क्षेत्रों में कतर की संस्थाओं के लिए निवेश के अवसरों के लिए उत्कृष्ट गंतव्य बनाता है। अली बिन अहमद अल कुवारी ने चर्चा के दौरान देशों के बीच विशेष और ऐतिहासिक संबंधों को दोहराया। मंत्री ने तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था की सराहना की और भारत में एफडीआई की विशाल संभावनाओं का पता लगाने के विचार का भी स्वागत किया। वित्त मंत्री के साथ उज्बेकिस्तान के दौरे पर गए वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने सीमा पार भुगतान, डिजिटल लेन-देन को सुविधाजनक बनाने और फास्ट ट्रैक मोड में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) को अंतिम रूप देने के क्षेत्रों में सहयोग पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24 से 28 सितंबर, 2024 तक उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। इस दौरान वह एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। सीतारमण के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी है।

# अक्टूबर में है छुट्टियों की भरमार, दशहरा से दिपावली तक 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अक्टूबर त्योहारी महीना होने वाला है। सितंबर की तरह ही अक्टूबर में भी बैंकों में छुट्टियों की भरमार है। इस महीने में शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दिपावली की छुट्टियां रहेगी। दरअसल अक्टूबर में बैंकों में 15 दिन अवकाश रहने वाला है। ऐसे में आपका बैंक से जुड़ा कोई काम है, तो इसको पहले ही निपटा लें या फिर बैंकों की छुट्टियों की सूची देखकर ही जाएं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से बैंकों में छुट्टियों की जारी सूची के मुताबिक अक्टूबर में कुल 31 दिनों में से 15 दिन बैंक बंद रहेंगे, जिनमें रविवार और शनिवार की छुट्टियां शामिल हैं। ऐसे में अक्टूबर, 2024 में बैंकों में कब-कब बैंक बंद रहेंगे। ये हैं छुट्टियों की पूरी लिस्ट :-

1 अक्टूबर को जम्मू में विधानसभा चुनाव के चलते बैंक बंद रहेंगे।

2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर देशभर के बैंकों में अवकाश रहेंगा।

3 अक्टूबर को नवरात्रि की शुरुआत और घट स्थापना के कारण




जयपुर में बैंक बंद रहेंगे।

6 अक्टूबर को इस दिन रविवार का सप्ताहिक अवकाश है, जिसके कारण देशभर में बैंकों में छुट्टी रहेगा।

10 अक्टूबर को महासप्तमी के अवसर के कारण गुवाहाटी, अगरतला, कोलकाता, कोहिमा में बैंक बंद रहेंगे।

11 अक्टूबर को महाअष्टमी, आयुध पूजा, दुर्गा अष्टमी की वजह से देश के कई हिस्सों में छुट्टियों के कारण बैंक बंद रहेंगे। इनमें कोलकाता, पटना, अगरतला, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कोहिमा, चेन्नई, गंगटोक, इंफाल, ईंटानगर, इंफाल, रांची और शिलांग जैसे शहर शामिल हैं।

12 अक्टूबर को दशहरा यानी विजयदशमी पर पूरे देश में बैंकों में अवकाश रहेगा।

13 अक्टूबर को रविवार का सप्ताहिक अवकाश के चलते पूरे देश में बैंकों में छुट्टियां रहेगी।

14 अक्टूबर को दासेन या दुर्गा पूजा के कारण गंगटोक में बैंक बंद रहेंगे।

16 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा के अवसर पर कोलकाता और अगरतला में बैंकों में अवकाश रहेंगे।

17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि, कांटी बिहू के चलते गुवाहाटी और बेंगलुरु में बंद रहेंगे।

20 अक्टूबर को रविवार का सप्ताहिक अवकाश के कारण देशभर में बैंकों में छुट्टियां रहेगी।

26 अक्टूबर को महीने का चौथा शनिवार के कारण देशभर में बैंक बंद रहेगा।

27 अक्टूबर को रविवार का सप्ताहिक अवकाश होने के कारण देशभर में बैंक बंद रहेंगे।

31 अक्टूबर को दीपावली के अवसर पर देशभर के बैंक बंद रहेंगे।

# सिडनी में व्यापार संवर्धन कार्यालय खोलेगा भारत : पीयूष गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में व्यापार संवर्धन के लिए एक कार्यालय खोलने की घोषणा की है। इस कार्यालय में इनवेस्ट इंडिया, एनआईसीडीसी, ईसीजीसी, व्यापार एवं पर्यटन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सीआईआई के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। गोयल ने कहा कि मेक इन इंडिया को शानदार सफलता मिली है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के व्यापार एवं पर्यटन मंत्री महामहिम डॉन फैरेल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ये



कार्यालय दोनों पक्षों के निवेशकों और कारोबारियों के बीच सेतु का काम करेंगे। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार, निवेश, पर्यटन और प्रौद्योगिकी में साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि भारत आज 'मेक इन इंडिया' के 10 साल पूरा होने का जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए संपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किया है। इसमें बुनियादी ढांचे के लिए 'प्लग एंड प्ले', अनुमोदन के लिए एकल खिड़की प्रणाली, अनुपालन बोझ को कम करने, कानूनों को अपराधमुक्त करने, नए क्षेत्रों में एफडीआई खोलने और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के प्रावधान प्रदान किए गए हैं, जो भारत में विनिर्माण को आकर्षित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# केंद्र ने एमसीए-21 मंच से संबंधित शिकायतों के लिए गठित किया दल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने एमसीए-21 मंच से संबंधित हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष दल का गठन किया है। इसका उद्देश्य इस मंच के इस्तेमाल में आने वाली समस्याओं का समाधान करना है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एमसीए-21 मंच कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी कानूनों के तहत विभिन्न 'फाइलिंग' प्रस्तुत करने का एक प्रमुख मंच है। इस मंच का इस्तेमाल करने में हितधारकों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसके मद्देनजर एक विशेष दल का गठन किया गया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कारोबार को आसान बनाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिनमें कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) के निगमन और निकास की आसान और त्वरित प्रक्रिया, विलय की त्वरित स्वीकृति आदि शामिल हैं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा कि इस संबंध में एमसीए-21 पोर्टल पर कंपनियों और एलएलपी द्वारा विनियामक अनुपालन के लिए, एमसीए के पास ईमेल, हेल्पडेस्क सिस्टम, टिकटिंग टूल, चैटबॉट और सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हितधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं की नियमित समीक्षा की एक प्रणाली है।

# सरफा बाजार में शिखर पर पहुंचा सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 76,520 रुपये से लेकर 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। देश के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 70,160 रुपये से लेकर 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने की वजह से



दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

# बगहा में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन

चाणक्य भूमि बगहा



बगहा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे एवं बगहा विधायक राम सिंह के अगुवाई में बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड वितरण शिविर में लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किए। 17 सितम्बर 2024 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश मे भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। आज बगहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया शिविर में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, स्थानीय विधायक राम सिंह एवं बगहा सांगठनिक जिला के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी ने स्थानीय लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड के वितरण किया गया साथ हीं स्वास्थ्य शिविर में लोगों का ईलाज भी हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने गरीबी रेखा के परिवार में सभी लोगों की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड अलग अलग बने और अलग अलग कार्ड से पांच लाख रुपये तक का ईलाज हो सके इसकी चिंता की है। साथ हीं अस्पताल में पोषण किट का वितरण किया गया। स्थानीय विधायक राम सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच के कारण हीं ऐसे जनकल्याणकारी योजनायें धरातल पर दिख रहे हैं। बगहा जिलाध्यक्ष जी ने योजना को विस्तार से समझते हुए कहा कि सभी वर्ग के 70 वर्ष के पुरूष एवं 06 वर्ष की महिलाएँ भी इस शिविर में बिना राशन कार्ड के आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिला संयोजक दीपु तिवारी के आवास पर पंडित दीनदयाल जी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शिपु चौबे , ऋतु जायसवाल, हृदया दुबे, अचिंत्य कुमार लल्ला, सुजीत चौरसिया, मनोज सिंह, दीपु तिवारी, ओमनिधि वत्स, धनन्जय यादव जी, बबलू मिश्र, नगर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, नागेंद्र सहनी, शोमेश पांडेय, रवि गुप्ता जी, अमित मिश्रा, रौशन तिवारी गिविंद जायसवाल, दिपु जायसवाल, शैलेश दुबे, विकाश मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# हत्यारे के घर पुलिस में चिपकाया इश्तेहार

चाणक्य भूमि बगहा



बगहा। जदयू नेता सह पूर्व नगर पार्षद मोहम्मद इस्लाम उर्फ शेख गुड्डू के पुत्र मोहम्मद सुफियान की हत्या के फरार चल रहे आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। इस दौरान पुलिस डुगडुगी आरोपी के घर पहुंची।

रामनगर थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस मामले के पांच आरोपियों में से चार ने पहले ही कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है, जबकि मुख्य आरोपी आमिर अभी भी फरार चल रहा है। आमिर रामनगर नगर क्षेत्र के इमलिया टोला का निवासी है, अभी भी फरार है। पुलिस ने कई बार दबिश दी, लेकिन आमिर का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। यह हत्या कांड 31 मई 2023 को रामनगर थाना में दर्ज किया गया था, जब 17 वर्षीय मोहम्मद सुफियान का शव त्रिवेणी नहर में बरामद हुआ था। हत्या के बाद से ही आरोपी आमिर फरार चल रहा है।

अपर थाना अध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी के घर पहुंची और डुगडुगी पिटवाते हुए नोटिस चिपकाया। जिसमें आरोपी को जल्द से जल्द थाना या अदालत में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई है अगर वह आत्म समर्पण नहीं करता है तो उसकी संपत्ति कुर्की की जाएगी

वही रामनगर थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मो.सुफियान के पिता शेख गुड्डू ने पुलिस से आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग किया है। जिसको लेकर आरोपी को पकड़ने के लिए सभी आवश्यक के कदम उठाए जा रहे हैं। और जल्दी उसकी संपत्ति कुर्की जप्ती की जाएगी

# मझौलिया पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनना शुरू

चा ० भूमि, मझौलिया

मझौलिया।उप डाकघर मझौलिया में आधार कार्ड बनाने का कार्य शुरू हो गया ।जानकारी डाक अधीक्षक उषा कुमारी ने दी।उंन्होने बताया कि इस कार्य के लिए बेतिया जीपीओ से डाक सहायक के पद पर सुनील कुमार की प्रतिनियुक्ति मझौलिया में की गयी है।हालांकि यूजर पासवर्ड मिलते ही यह जिम्मा मयंक कुमार को सौंप दिया जायेगा।आधार कार्ड निर्माण का सिलसिला शुरू हो जाने से मझौलिया के बसिन्दों में हर्ष है।बताते चले कि मझौलिया उपडाकघर में आधार निर्माण का आदेश बहुत पहले से निर्गत था, परन्तु अतिरिक्त कंप्यूटर सिस्टम के अभाव में यह कार्य बाधित था।जो अब 25 सितंबर से चालू हो गया।बताते चले कि इनदिनों डाक विभाग में कई तबादले हुए है।कार्यो में गति के लिए पटना जीपीओ से डाक निरीक्षक प्रणव मोहन को बेतिया अनुमंडल में पदस्थापित किया गया है, तथा यहां पूर्व पदस्थापित डाक निरीक्षक राम विनय उरांव का तबादला पटना जीपीओ में किया गया है।उंन्होने बताया कि डाक निरिक्षक प्रणय मोहन ने बिगत 20 सितंबर से काम काज संभाल लिया है।






# बाइक पर लदे 75 लीटर देशी चुलाई शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तार, दो धंधेबाजों पर एफआईआर

चा० भूमि मैनाटाड़

दो बाइक पर लदे पचहत्तर लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को मैनाटाड़ पुलिस ने धर दबोचा है।कारवाई के दौरान चकमा देकर भागे दो शराब के धंधेबाजों को चिन्हित कर उन दोनों पर भी केस दर्ज किया गया है।मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर रात को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध बाइक पर शराब की खेप थाना क्षेत्र के सुखलही के रास्ते जा रहा है। तुरंत दरोगा रंजीत राम और डायल 112 को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।थाना क्षेत्र के सुखलही के पास साढ़े नौ बजे रात में दो बाइकों को रोका गया। लेकिन बाइक छोड़कर बाइक चलाने वाले भागना चाहे। लेकिन पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये एक बाइक सवार और दो बाइक को पकड़ लिया।जबकि दो धंधेबाज अंधेरा का लाभ उठाकर भाग निकले।जब्त दोनों बाइकों पर से एक बाइक पर पैंतालीस लीटर और दूसरे बाइक पर से तीस लीटर देशी चुलाई शराब जब्त किया गया।जबकि धराये धंधेबाज की पहचान थाना क्षेत्र के शेखवा बसंतपुर निवासी तौहीद अंसारी के रूप में की गयी। वहीं फरार दो धंधेबाज शेखवा बसंतपुर के ही असफाक आलम और अली अहमद है। थानाध्यक्ष ने बताया कि धराये धंधेबाज तौहीद अंसारी को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है।जबकि फरार दोनों धंधेबाजों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त दोनों बाइकों में से एक बाइक पर प्रेस लिखा हुआ है। प्रेस लिखे बाइक से शराब जब्ती का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# थरूहट क्षेत्र का होगा सम्रग विकास : डीएम

चा ० भूमि,बेतिया/मझौलिया

» समग्र विकास के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित

» 23 करोड़ 80 लाख रूपये की राशि से थरूहट क्षेत्र में होगा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन

बेतिया। डीएम दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में समेकित थरूहट विकास अभि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रस्तावित योजनाओं के चयन से संबंधित प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन थरूहट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा इस हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2024-25 में 23 करोड़ 80 लाख रूपये की राशि से विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयन किया जाना है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि थरूहट विकास अंतर्गत योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाना है। योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवता का पूरा ख्याल रखा जाय। ऑनगोइंग स्कीम को ससमय पूरा करना है तथा चयन की जाने वाली योजनाओं को भी निर्धारित समयावधि में गुणवतापूर्ण तरीके से क्रियान्वित कराना है। उन्होंने माननीय सदस्यों से अनुरोध किया कि थरूहट विकास अभिकरण योजनान्तर्गत बड़ी योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव दिया जाय। छोटी योजनाओं का क्रियान्वयन अन्य योजना अंतर्गत कराया जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में समेकित थरूहट विकास अभिकरण के माध्यम से ली जाने वाली योजनाओं के लिए विषयवार बजट प्राप्त हो गया है। कुल-3000.00 लाख रूपये प्राप्त हुए हैं। जिसमे सहायक अनुदान-वेतन के लिए 20 लाख, सहायक अनुदान-परिसंपतियों के निर्माण हेतु 2380 लाख तथा सहायक अनुदान-गैर वेतन के लिए 600 लाख रूपये शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि थरूहट क्षेत्र अंतर्गत बगहा-02 प्रखंड, गौनाहा प्रखंड, रामनगर प्रखंड एवं मैनाटांड़ प्रखंड सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि बगहा-02 प्रखंड अंतर्गत खरहट त्रिभौनी, ढ़ोलबजवा लक्ष्मीपुर, बकुली पंचगांवा, बेलहवा मदनपुर, बलुआ छत्रौल, महुअवा कटहरवा, बिनवलिया बोदसर, जिमरी नौतनवा, हरनाटांड़, भड़छी, संतपुर सोहरिया, सेमरा कटकुईयां, देवरिया तरूअनवा, चमौलिया, बरिअरवा, चम्पापुर गोनौली, नौरंगिया दरदरी, लक्ष्मीपुर रमपुरवा, बैरागी सोनवर्षा, पैकवलिया मर्जादपुर पंचायत आते हैं। इसी तरह गौनाहा प्रखंड अंतर्गत रूपौलिया, धमौरा, धनौजी, बेलसंडी, मटियरिया, महुई, मेहनौल, भितिहरवा, सिट्ठी, डरौल, दोमाठ, जमुनिया, गौनाहा एवं लछनौता पंचायत आते हैं। रामनगर प्रखंड अंतर्गत बनकटवा करमहिया, बगही, मनचगवा, परसौनी, सोहसा एवं नौरंगिया दोन आते हैं। इसके साथ ही मैनाटांड़ प्रखंड अंतर्गत रामपुर, भंगहा एवं चौहट्टा पंचायत आते हैं।

प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावित योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही उपस्थित माननीय जनप्रतिनिगण द्वारा थरूहट क्षेत्र के समेकित विकास के लिए अपने-अपने सुझाव व्यक्त किये गये।

इस अवसर पर विधायक, श्वीरेन्द्र गुप्ता, विधान पार्षद, अफाक अहमद, भारतीय थारू कल्याण महासंघ, थारू विकास मंच, चम्पारण आदिवासी उरांव संघ के अध्यक्ष/सचिव एवं सदस्य, अन्य माननीय सदस्यों के प्रतिनिधिगण सहित वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यपालक/कनीय अभियंता उपस्थित रहे।









# अचानक आग लगने से आधा दर्जन दुकानें जलकर खाक

चाणक्य भूमि बगहा



बगहा। धनहा में देर रात अचानक आग लगने से छह दुकानें जलकर खाक हो गईं। ये दुकानें गौतम बुद्ध सेतु से जुड़े मार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर बनाई गई थी। आग इतनी भीषण थी कि दुकानदारों को अपने सामान निकालने का कोई मौका नहीं मिल सका, जिससे लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

बताया जा रहा है कि आग ने इतनी तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया कि किसी भी सामान को बचाया नहीं जा सका। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि इलाके के लोग भयभीत हो उठे और तुरंत स्थानीय प्रशासन और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की तुरंत कार्रवाई से आग को और फैलने से रोक लिया गया। लेकिन तब तक छह दुकानें पूरी तरह जल चुकी थी। हालांकि, आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आ पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य कारण से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन अभी तक अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आग लगने से प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकानों में लाखों रुपए का सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह से नष्ट हो गया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने प्रशासन से तुरंत मुआवजे की मांग की है। धनहा पुलिस और प्रशासन ने घटनास्थल का मुआयना किया और दुकानदारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है।

# लौरिया में नहाने के दौरान दो बच्चों की मौत

चाणक्य भूमि बेतिया/मझौलिया



लौरिया। प्रखंड अंतर्गत दानियाल परसौना पंचायत के परसौना गांव में सिकरहना नदी में जिवतिया नहाने के क्रम में मंगलवार की शाम गहरे पानी में चले जाने से दो बच्चे की मौत डूबने से हो गई है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को छान कर बाहर निकला गया। जिसकी पहचान दानियाल परसौना निवासी निवासी फागु साह का पुत्र विवेक कुमार (14) जो वर्ग 8 में पढ़ता था। तथा दूसरा मनोज पटेल का पुत्र शिवम कुमार (11) के रूप में हुई है। वही शिवम का छोटा भाई सत्यम जो भाई को बचाने के लिए जा रहा था। वह भी डूब रहा था जिसे लोगों ने समय रहते बचा लिया 1 ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन की खबर करने पर मौके पर पहुंची साठी थाने की पुलिस एवं लौरिया अंचलाधिकारी के द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया। पुत्र की रक्षा के लिए माता के द्वारा जितिया की जाती है। घटना को लेकर परिजनों एवं गांव में मातमी सोनाटा फैला हुआ है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि दोनों मृत बच्चों को शव थाना पर लाया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया दोनो शव।परिजनों में चीत्कार मचा है।









# विकास चेतना दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद ने किया वृक्षारोपण

चाणक्य भूमि, गौनाहा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गौनाहा मे बगहा के SDF संयोजक अमित यादव के नेतृत्व में आज सहोदरा थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सहोदरा थानाध्यक्ष राजीव रंजन रहे। विकास चेतना सप्ताह में लगातार कार्यक्रम कर पर्यावरण बचाव हेतु व संगोष्टी सहित अन्य कार्यक्रम तय है। जिससे यहां के युवाओं में नेतृत्व करने का शक्ति विकास होगा। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक राजा श्रॉफ,खेलोभरत के मंजीत कुमार,RKM के जैकी कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हर क्षेत्र में समाज छात्रहित हेतु हमेसा ततपर रहता है। बिद्यार्थी परिषद के राजा श्रॉफ का कहना है कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण के लिए बिद्यार्थी परिषद कार्य कर रही है। इसमे समाज के हर वर्ग के लोग अपने मां के नाम पर एक-एक पेड़ लगाए तो हमारा पर्यावरण साफ व स्वच्छ रहेगा। प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पेड़ लगाना ही चाहिए। वही नगर मंत्री श्याम पटेल sfs सुधीश कुमार ने कहा कि सप्ताह भर हमारे विद्यार्थी परिषद के तरफ से कार्यक्रम चलता रहेगा और प्रत्येक युवा वर्ग से हम कहना चाहेंगे कि जितना हो सके उतना पेड़ लगाए और पर्यावरण बचाएं । कार्यक्रम में ओम बाबू,सत्यम कुमार,अमित गुप्ता,चंदन शर्मा व अन्य मौजूद रहे।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714